CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

मुरादाबाद, गुरुवार 21 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 6 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश :ओवैसी पेज 2


वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली गायब खेल टाइम्स


जननायक राहुल गांधी का एक और दांव सम्पादकीय


हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: रूस पेज 12

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण, रेंज 5000 किमी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्की जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वारहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी। डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को अग्नि-5 के सफल परीक्षण की जानकारी दी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।


**चीन और पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ।

दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा कि बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आरोपी ने सीएम का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को बुधवार को ही कोर्ट में पेश भी किया गया। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।






## NCERT ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल किया जारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किए हैं। इन्हें क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इन्कार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन है। एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल रेगुलर कोर्स का हिस्सा नहीं होते। इसे कोई खास टापिक बच्चों को समझाने के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर तैयार किया जाता है।

# नया विधेयक: 30 दिन हिरासत में रहे, तो माननीय खो देंगे पद

## सरकार लाई बिल, मंजूरी के लिए जेपीसी को भेजा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री की गंभीर अपराध में गिरफ्तारी और 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रखे जाने पर उन्हें पद से हटाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक तथा दो अन्य विधेयकों को विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया।

क्षुब्ध विपक्षी सदस्यों ने सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले भी फेंके। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 संसद में पेश किया। विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को विपक्षी दलों की सरकारों को लक्ष्य कर बनाया गया विधेयक करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। विधेयक में प्रावधान है कि पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी अन्य मंत्री को 30 दिन की हिरासत में रखा जाता है, तो इसके अगले दिन ही उसे पदमुक्त समझा जाएगा। हिरासत से छूटने के बाद ऐसे व्यक्ति को फिर से पद दिया जा सकता है। श्री शाह ने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया जिसे ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया।


**विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की, सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके**

## टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11 हो सकती है बैन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक को लेकर कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी हाल के कुछ वर्षों में तेजी से फैल रही है। इससे शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सीखने के अनेक आसान उपाय एवं साधन उपलब्ध हुए हैं और लोगों के सीखने की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ई-स्पोर्ट और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है।

# अब्बास अंसारी की विधायकी होगी बहाल

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में बुधवार को मुख्तार अंसारी के बेटे पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की याचिका को मंजूर कर लिया और उनको एमपी- एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ से मिली दो साल की सजा रद्द कर दी है। बता दें कि अब्बास अंसारी ने सजा रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन ने अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है। अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी।


**हाईकोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई**

## मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसला टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीएम मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि डीयू को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। हाईकोर्ट ने डीयू की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीआईसी ने 21 दिसम्बर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# राज्यपाल-सरकार रिश्ते पर सुप्रीम नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी।

यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं। वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।


**अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर**



## संक्षिप्त समाचार

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को 81वीं जयंती थी। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा कि एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कहा कि आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि।

### मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज दफ्तर बंद

**नई दिल्ली।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन था। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

# अधर्म के खिलाफ जारी रहेगा युद्धः अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा-भाजपा वोट चोर है, चुनाव आयोग-जिलाधिकारी इनके साथी

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने वोटी चोरी के मामले में भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिए थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है। यहां तक की चुनाव आयोग ने भी कह दिया कि उन्हें कोई शपथपत्र नहीं मिला।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की बात को यूपी के 3 जिलाधिकारियों ने झूठा करार दे दिया है। उन्होंने 18000 शपथपत्र मिलने की बात स्वीकारी है। जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गए हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है' एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अब सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिला. धिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिएख कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है ही न? जो सीसीटीवी पर पकड़े गए हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गई सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। ऐसे भ्रष्ट लोग न तो अपने ईमान के सगे होते हैं, न परिवार, न समाज के, तो फिर भला अपने साझेदारों के कैसे होंगे।

ये बेईमान लोग देश और देशवासियों से ताउम्र दगा करते हैं और अंततः पकड़े जाने पर अपमान से भरी जिंदगी जीने की सजा काटते हैं। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो 'चुनावी तीन तिगाड़ा' है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है, देश के लो. कतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस 'त्रिगुट' की अदालत लगाएगी। जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो 'मृतक प्रमाणपत्र' लगाए गए थे वो कहां हैं, अगर ये झूठ नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गए? अखिलेश ने कहा कि किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। सरकार किसानों को खाद तक नहीं दे पा रही है। अयोध्या में किसान खाद के लिए घंटों लाइनों में खड़े हैं, ये लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आज किसान लागत भी नहीं निकाल पा रहे। आलू किसान बुरी तरह से परेशान हैं।

राहुल गांधी के साथ यूपी चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह धर्मयुद्ध है और इसमें साथ आना पड़ेगा। चुनाव आयोग पर बोलते हुए उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोर है। ये लोग वोटों को त्रिकोण बनाकर चोरी करते हैं, जिसमें चुनाव आयोग और अधिकारी तक शामिल हो जाते हैं, लेकिन, 2027 का चुनाव हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेंगे और वोट चोरी नहीं करने देंगे।

# देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश

## पीएम-सीएम व मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज व जल्लाद दोनों बन जाएं

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन अहम विधेयक पेश किए, जिन पर संसद के अंदर तीखी बहस और हंगामा देखने को मिला।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इन तीनों विधेयकों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरिए चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है। ओवैसी ने कहा कि इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं। ओवैसी ने संसद में कहा कि यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को 'पुलिस स्टेट' में बदलने पर तुली हुई है। उनके अनुसार यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्र पर 'डेथ नेल' (अंतिम वॉर) साबित होगा। ओवैसी ने इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जनता की आवाज दबाने की को. शिश बताया। ओवैसी के बयान के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण और कार्यपालिका को असीमित ताकत देने का काम कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे न्यायपालिका की भूमिका कमजोर होगी और लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा। इन विधेयकों को लेकर संसद के बाहर भी राजनीतिक टकराव तेज हो गया है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ी बहस का कारण बनेगा।

# राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ राजग के 160 सदस्य नामांकन के समय उपस्थित रहे

उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस ऐतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे।

## दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 अन्य को भी नोटिस

# यूपी के तीन जिलों के कृषि अधिकारी सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने पर मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा अखिलेश को बोलने का कोई हक नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पदीय दायित्वों का निर्वहन में लाप. रवाही बरतने के आरोप में तीन जिलों के जिला कृषि अधिका. रियों को निलंबित करने के साथ ही दस अन्य लोगों को नोटिस जारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नोटिस उन लोगों को जारी की जा रही है, जिनके पास खेत कम है और उन्होंने खाद ज्यादा उठा ली है। यहां कृषि भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उनमें मंजीत कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा और अशोक प्रसाद मिश्र जिला कृषि अधिकारी श्रावस्ती शामिल है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने को लेकर कृषि मंत्री ने कहा कि अखिलेश को बोलने का कोई हक नही है। उनके समय मे खरीफ सीजन में केवल 91.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलों की बुवाई हुई थी, जबकि किसानों को समय से उन्नत बीज खाद पानी सिंचाई संसाधनों में निरंतर वृद्धि के परिणाम स्वरुप वर्ष 2023 24 में खरीफ के फसलों का आच्छादन बढ़कर 101-आई 8 हेक्टेयर हो गया है। 2024 में यह क्षेत्रफल 105.93 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36000 किसानों की ऋण माफी की थी। कृषि मंत्री ने बताया कि महाराजगंज में जून माह के दौरान 186 लोग ऐसे पाए गए हैं। जिन्होंने एक मीट्रिक टन से लेकर 2.375 मीट्रिक टन तक यूरिया का क्रय किया गया है। इन लोगों के द्वारा चार बार से लेकर 13 बार तक खाद का क्रय किया गया है। जांच के दौरान यदि कालाबाजारी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### राज्य कर विभाग ने बीमा कंपिनयों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह विभाग के राजस्व वृद्धि को बढ़ाने की कवायद के तहत रियल एस्टेट और खनन जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर बीमा कंपनियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। राज्य कर विभाग ने उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी के तहत पंजीकृत सभी बीमा कंपनियों को नोटिस जारी कर लगभग 40 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं, ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि क्या वे प्रीमियम पर ग्राहकों से वसूला गया पूरा जीएसटी जमा कर रही हैं अथवा नहीं। पहली बार, विभाग ने अपने मुख्यालय में एक संयुक्त आयुक्त के अधीन सेंटर भी स्थापित किया है ताकि यह जांच की जा सके कि क्या बीमा कंपनियां कर-संबंधी शिकायतों में लिप्त हैं या किसी प्रकार की अनियमितता में लिप्त हैं जिससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है।



सेंसेक्स 81857.84
निफ्टी 25000



सोना रु. 98803
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111225
प्रति किलो



# आईटी, एफएमसीजी में लिवाली से गुलजार हुआ शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी, एफएमसीजी और रियलिटी क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (सूचकांक) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब चार सप्ताह बाद 25,000 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.45 अंक (0.26) प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 अंक पर पहुंच गया। आईटी सेक्टर में लिवाली से इंफोसिस और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 69.90 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त में 25,050.55 अंक पर रहा। यह गत 24 जुलाई के बाद पहली बार 25 हजार अंक के पार बंद हुआ है। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सुबह मामूली उतार-चढ़ाव था, लेकिन बाद में उनका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मजबूत निवेश धारणा के कारण सेंसेक्स और निफ्टी-50 लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुए हैं। आईटी कंपनियों में निवेशकों ने जमकर लिवाली की और निफ्टी आईटी 2. 69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियलिटी में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 27.08 अंक की तेजी के साथ 81,671.47 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 81,494.50 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,985.62 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 14.85 अंक की गिरावट में 24,965.80 अंक पर खुला। यह नीचे 24,929.70 अंक और ऊपर 25,088.70 अंक तक गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.30 अंक की बढ़त में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.46 फीसदी की तेजी रही।

# सोने और चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 365 रुपए गिरकर 98,803 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 2,400 रुपए कम होकर 1,11,225 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,003,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,641 रुपए बढ़कर 98,803 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,208 रुपए बढ़कर 1,11,225 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# गेहूं महंगा, चावल हुआ सस्ता, दालों व खाद्य तेलों में रही तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं में तेजी देखी गयी। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा, जबकि दालें और खाद्य तेल महंगे हो गए। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 24 रिंगिट फिसलकर 4,497 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.51 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 14 रुपए फिसलकर 3,819.41 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 2,841.09 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटा 3,293.57 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन करीब 72 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल 54 रुपए फिसल गया, जबकि वनस्पति में 65 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। पाम ऑयल आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 44 रुपए की तेजी रही। सोया तेल भी 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गयी। तुअर दाल और मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए और उड़द दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब चार रुपए बढ़ गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा।

# भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान खोलने से संबंधित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गई है। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग नहीं माने जाने पर जोरदार हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया। विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार के स्थगन के बाद पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक चर्चा और पारित करने के लिए कहा। प्रधान के बोलने के लिए खड़े होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। इस पर कलिता ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात रखने की अनुमति दी। खड़गे ने मतदाता सूची के मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन आसन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। आसन ने कहा कि आप इस विधेयक के अलावा और किसी विषय पर बात नहीं रख सकते। विपक्ष के सदस्य इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन ने संक्षिप्त चर्चा और शिक्षा मंत्री द्वारा उसका जवाब दिए जाने के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर संशोधन के प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सदस्यों के सदन से अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें सदन में नहीं रखा जा सका। विधेयक में गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रावधान है। संस्थान के पहले निदेशक मंडल के गठन तक इसका कामकाज केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति संभालेंगे। इस संस्थान पर 5500 करोड़ रूपए की लागत आएगी। विधेयक में भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 में संशोधन के साथ-साथ भारतीय प्रबंधन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित करने और उनके कामकाज को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# मेवानवादा की प्रधान की हत्या

## पति सहित अन्य पर हत्या का आरोप, सफेदपोश दलाल मामले को दबाने के लिए कर रहे मेहनत, रिपोर्ट दर्ज नहीं की







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मेवानवादा की प्रधान राहिल परवीन की हत्या कर दी गई। जिससे सनसनी फैल गई है। मृतका के भाई ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या दहेज व आपसी विवाद के चलते की गई है और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात्रि में ग्राम मेवानवादा की मौजूदा ग्राम प्रधान राहिल परवीन (35 वर्ष) पत्नी इशरत अली की लाश घर के अंदर कमरे से बरामद हुई। मृतका के गले में दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था। जो खिड़की में बंधा हुआ था। मृतका के घुटने जमीन पर थे। यह खबर चारों तरफ फैल गई। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतका इशरत अली की दूसरी पत्नी थी और उसके कोई बच्चा नहीं था। पहली पत्नी की इलाज के दौरान लगभग दस वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतका ही पहले बच्चों को देखभाल करती थी। आज सुबह जब स्कूल जाने के लिए बच्चा सो कर उठा तो उसने सबसे पहले उन्हें इस हालत में देखा।

मृतका के भाई मेराजुद्दीन निवासी ग्राम ढांकी, थाना शिवाला कला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन राहिल परवीन का विवाह लगभग दस वर्ष पूर्व इशरत अली पुत्र दीन मौहम्मद निवासी ग्राम मेवानवादा से हुआ था विवाह के समय अपनी हैसियत अनुसार दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष राहिल परवीन से असंतुष्ट रहता था और आए दिन उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। इशरत ने पहले भी राहिल को प्रताड़ित कर जान से मारने की कोशिश की थी। मृतका ने इसकी जानकारी परिजनों को दी थी। उस समय पंचायत में इशरत अली व उसके परिवार ने दोबारा गलती न करने का भरोसा दिया था। तहरीर में आरोप लगाया कि 19 अगस्त की रात लगभग 10 बजे उनकी बहन राहिल परवीन ने अपनी छोटी बहन रुबीना को फोन कर बताया कि इशरत अली सहित कुछ लोग उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। जिसमें मौहम्मद हारून उर्फ लगंडा पुत्र अनवार, दानिश पुत्र इस्लामुद्दीन, राशिद डीलर पुत्र फिरासत, पुष्पेंद्र पुत्र बलवीर, वाहजबीन पुत्र अहसान एवं साथ ही दो अन्य अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। परिजनों का आरोप है कि इन्हीं लोगों ने राहिल परवीन की हत्या कर उसे दुपट्टे से गले में फंदा लगाकर खिड़की से लटका दिया। ताकि मामला आत्महत्या का लगे। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के परिजनों का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं। राजनीतिक पकड़ के चलते मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे हैं। परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि इस घटना की जांच की जा रही है और अभी कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है।

दूसरी तरफ यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का, यह जांच का विषय है। ग्राम प्रधान राहिल की मौत सिर्फ एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि समाज और सिस्टम दोनों के लिए गंभीर सवाल खड़े करती है।

## ई-रिक्शा पलटने से कई घायल



**कोतवाली देहात**। कस्बे में नजीबाबाद मार्ग पर सड़क में गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। आज इन गड्ढों में ई-रिक्शा पलट गई, जिसमें कई लोगों को चोट लगी। इन गड्ढ़ों में जल भराव हो गया है। कई बार जल भराव होने के कारण निकलने वाले यात्रियों को गड्ढ़ों की गहराई का एहसास नहीं होता हे। वाहन चालक गड्ढ़ों में फिसल कर गिर रहे हैं। आज भी कई बाइक सवार गड्ढ़ों में गिर कर फिसल गए। इस दौरान ई रिक्शा भी पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई रिक्शा में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद विश्नोई ने बताया कि कई बार कहने के बावजूद सड़कों पर बने गड्ढ़ों को नहीं भरा जा रहा है। यदि शीघ्र गड्ढ़े नहीं भरे गए तब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। व्यापार मंडल से जुड़े नसीम अहमद शम्सी, रईस मलिक, सत्यकाम विश्नोई, रजा कुरैशी, अनिल कुमार विश्नोई, आफताब अंसारी, शुभम जैन, अंकित अग्रवाल आदि ने शीघ्र गड्ढ़े भरने की मांग की है।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर

# कांग्रेसियों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को फल वितरित किए और एचआर सिटी हेल्थ सेंटर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रक्तदान करने वालों में डॉ. शैला, नाज रिहान, शमशाद हुसैन, नौशाद अंसारी, फुरकान अंसारी, अरमान सैफी, नौशाद अहमद, मैराज सिद्दीकी, सुमैया परवीन समेत कई लोग शामिल रहे। कांग्रेस नेता आदित्य सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए थे। उनकी दूरदर्शिता हमें सेवा व एकता की राह दिखाती है।

इस मौके पर जसराम सिंह, जफर अहमद, सतीश चौहान, आकाश चौहान, जुल्फिकार अंसारी, योगेश शर्मा, जावेद आलम, रईस अहमद, सुधीर कुमार एड., शफक्कत भारती, लोकेंद्र चौहान, डॉ. अथर जुनैद, अनस अहमद, बलराज, सुरेश कुमार, बलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नगीना में रक्तदान शिविर



### सलाउद्दीन सिद्दीकी ने किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारत सेवा मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन धामपुर रोड पर स्थित गोयल हॉस्पिटल में किया गया। चौधरी दिगम्बर सिंह, अनूप वाल्मीकि, प्रमोद चौहान, शशिकांत बालियान आदि ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों व समाजसेवकों ने भी रक्तदान किया। शिविर आयोजक मनजीत विश्नोई, सलाउद्दीन सिद्दीकी आदि ट्रस्टियों ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में लगभग 115 लोगों ने रक्तदान किया।

इस मौके पर दिगंबर चौधरी व उनके सहयोगी, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, नीरज विश्नोई, राहुल वर्मा, राहुल राजपूत, नीरज विश्नोई, राजकुमार विश्नोई, सिद्धार्थ चौधरी, प्रंकुल चौधरी, प्रदीप कुमार, दीपक अरोड़ा, शमशाद अंसारी, रुद्रा वशिष्ठ, चंदशेखर पाल, सचिन विश्नोई, विजेन्द्र सिंह, गौरव मिगलानी, डॉ. श्वेत कमल, शम्मी पाल, अमन जोशी, आकाश जोशी, गौरव कुमार, काजल सचदेवा, गायत्री गर्ग, शोभा देवी, तसलीम अहमद, शुभम गुप्ता, शजान सिद्दीकी, शिवम मित्तल, इरम परवीन, फहीम दानिश, सादिक, संजीव अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, विकास शर्मा, रुद्राक्ष वशिष्ठ आदि ने रक्तदान शिविर में भाग लिया।

भारत सेवा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस दौरान रक्तदाताओं को भारत सेवा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट लगातार जनसेवा का कार्य कर रहा है।

# एसबीडी महिला महा. में एनसीसी कैडेट्स का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय में गर्ल्स यूपी बटालियन द्वारा एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया।

चयन प्रक्रिया में छात्राओं द्वारा शारीरिक क्षमता परीक्षा और लिखित परीक्षा दी गई। चयन प्रकिया में लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सूबेदार विकास कुमार और हबलदार चन्द्रपाल, 9 गर्ल्स यूपी बटालियन द्वारा छात्राओं को एनसीसी के विभिन्न लाभ बताये गये।

### छात्राओं को बताए गए एनसीसी के फायदे

उन्होंने कहा कि एनसीसी में शामिल होने से राष्ट्र भक्ति की भावना जाग्रत होती है और भविष्य में इसका लाभ मिलता है।

चयन प्रक्रिया कार्यक्रम का आयोजन नगमा परवीन, असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग तथा योग शिक्षिका श्रीमती प्रियंका जैन के द्वारा कराया गया।

परीक्षा के उपरान्त परिणाम हेतु छात्राओं को एक सप्ताह का समय दिया। चयनित छात्राएं महाविद्यालय से एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। चयन प्रकिया की सभी गतिविधियाँ प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के संरक्षण में सम्पन्न करायी गई।

## बुग्गी के नीचे दब कर बैल की मौत

**बढ़ापुर।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बरसात के चलते सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। ग्राम पंचायत चकउदयचंद के अंतर्गत ग्राम पक्का तालाब निवासी मौहम्मद फैसल शाम को खेत से लकड़ी लेकर वापस घर लौट रहा था, जैसे ही उसने बैल-बुग्गी को नदी में उतारा तो पानी के तेज बहाव में बुग्गी बहने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने नदी में कूदकर बमुश्किल बैल-बुग्गी को नदी से बाहर निकाला। बुग्गी में लदी सभी लकड़ी नदी में बह गई। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरी घटना बाबा कलवा वीर मंदिर के पास पहाड़ा नदी में घटी। पक्का तालाब निवासी मुबारिक अहमद अपने साथी गुल्लू के साथ बैल-बुग्गी पर पशुओं के लिए चारा ला रहा था। जैसे ही उसने बैल बुग्गी को नदी में उतारा, तो बुग्गी पानी के तेज बहाव में बहने लगी। गुल्लू भी तेज बहाव में बहने लगा। मुबारिक उसे बचाने लगा। उसी दौरान बुग्गी के नीचे दबकर एक बैल की मौत हो गई। पीड़ित ने अन्य लोगों की मदद से एक बैल और बुग्गी को बामुश्किल बाहर निकाला।

# एमआर पाशा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## मांगे पूरी नहीं हुई तो 15 सितम्बर को किया जाएगा विशाल धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक एमआर पाशा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर को दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों की सबसे बड़ी जरूरत इस समय रोजगार है। उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए तथा उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए। जो शिक्षित दिव्यांग है, उनको संविदा पर रखा जाए। दिव्यांगजनों की समस्या के निस्तारण हेतु हर थाने पर एक सब इंस्पेक्टर की तैनाती की जाए तथा दिव्यांग की समस्या का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों व बैंकों में दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प बनवाएं जाए तथा दिव्यांगों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी कराई जाए। सीएमओ कार्यालय में हर सोमवार को लगने वाला दिव्यांग बोर्ड, जिसमें दिव्यांग जनों के सर्टिफिकेट बनते हैं, वहां पर दलाल प्रवृत्ति के लोग दिव्यांगों से अवैध वसूली करते हैं। यहां मौजूद ऐसे असामाजिक दलाल प्रवृत्ति के लोगों पर रोक लगाई जाए। जो दिव्यांगजन सर्टिफिकेट बनवाता है, केवल वही सीएमओ कार्यालय के अंदर प्रवेश करें। अन्य व्यक्ति उस दिन कोई प्रवेश न करें। सभी गरीब दिव्यांगजनों के सरकारी आवास, अंत्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवाए जाए। सभी सरकारी नौकरी व राशन की दुकान आदि में दिव्यांग आरक्षण कोटा लागू किया जाए। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने डीएम जसजीत कौर को अवगत कराया कि डूडा विभाग का कार्यालय तीसरी मंजिल पर विकास भवन में है। उसे नीचे लाया जाए, क्योंकि ज्यादातर दिव्यांगजनों का काम डूडा विभाग में पड़ता है और दिव्यांगजन तीसरी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते हैं। इस वजह से डूडा विभाग में जो योजना प्रचलित हैं, उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। पाशा ने डीएम जसजीत कौर को अवगत कराया कि लगातार शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी एसडीएम चांदपुर कार्यालय दूसरी मंजिल पर कार्यरत है। लगातार ज्ञापन देने के बावजूद भी अभी तक कार्यालय नीचे शिफ्ट नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यालय अगर नीचे शिफ्ट नहीं किया गया तो हमारा संगठन 15 सितंबर को विशाल धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौ. आजम, वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम, शमशेर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कृष्णा में परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का बीएएलएलबी दशम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि छात्र हिमांशु वत्स ने 64.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रीता ने 63.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व रहनुमा ने 63.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान तथा विभाग के प्रवक्ता डॉ. एम.ए. खान, शिवकुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूजा ठाकुर, अभिषेक सिंह व दीपिका सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शव की शिनाख्त नहीं



**नजीबाबाद।** फजलपुर रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति (28 वर्ष) का शव पड़ा मिला। संभवतः उसकी ट्रेन से गिर जाने के कारण मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा मौके पर मौजूद एवं आसपास से आने-जाने वाले अन्य लोगों से मृतक की पहचान करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है।

### होटलों के खिलाफ पुलिस सख्त

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रहे होटलों के खिलाफ अब पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार हो रही शिकायतों और खुलासों के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए नवनियुक्त थाना अध्यक्ष को कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। चर्चा है कि इन होटलों में गंदे कारोबार से कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। लेकिन अब सवाल यह है कि नवनियुक्त थाना अध्यक्ष कितनी सख्ती और निष्पक्षता से इन होटल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। जनता का कहना है कि यदि इस बार ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह महज दिखावा साबित होगा। वहीं स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि नई तैनाती के बाद थानाध्यक्ष बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर इन धंधेबाज होटलों पर शिकंजा कसेंगे और दोषियों को जेल भेजेंगे। नगर के होटलों में देह व्यापार का धंधा होने के आरोप लग रहे हैं।

### सिमराह में आकाश का कार्यक्रम



**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से विशेष शैक्षिक कार्यक्रम हुआ। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आकाश टीम के मोहित तोमर और शाहवेज अहमद ने बताया कि यह परीक्षा चार से 12 अक्तूबर 2025 तक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में होगी। एंथी के जरिए छात्रों को 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति (250 करोड़ रूपए तक) और 2.5 करोड़ के कैश अवॉर्ड्स का अवसर मिलेगा। साथ ही क्लास रूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस में एडमिशन का मार्ग भी खुलेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि बीते वर्ष 10 लाख से अधिक छात्रों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया था। जिनमें से कई NEET और JEE टॉपर्स ने अपनी तैयारी की शुरुआत एंथी से की थी। मौके पर छात्रों को नए लॉन्च हुए आकाश इन्विक्टस ऐस टेस्ट की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंसूर खान, रोहित गुप्ता समेत स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### भाजपा सरकार में विकास: अकरम



**स्योहारा।** भाजपा नेता व युवा एकता समिति के अध्यक्ष अकरम अंसारी ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत हुई है और गुंडाराज का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की योजनाएं आज हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। किसानों को सम्मान निधि के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है। सड़कों का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में खड़ है।

### पंचायत में तुगलकी फरमान

**नहटौर।** शिव मंदिर की समिति बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में एक पक्ष द्वारा की गई पंचायत में दूसरे पक्ष का हुक्का पानी बंद करने व बोल चाल करने पर पांच सौ रूपए जुर्माने का फरमान सुनाने का आरोप लगाया गया है।पंचायत के तुगलकी फरमान को लेकर एक पक्ष ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जमालपुर निवासी शांति देवी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसके ससुर घसीटा सिंह ने वर्ष 2008 में अपनी प्राइवेट भूमि पर शिव मंदिर का निर्माण कराया था। तभी से सभी लोग मंदिर में पूजा अर्चना करते चले आ रहे है। उनका दामाद गजेंद्र सिंह परिवार के साथ गांव में रहता है। गांव के कुछ लोग जबरन मंदिर की समिति बनाने को लेकर उसके दामाद के परिवार के साथ विवाद कर रहे है। उक्त लोग मंदिर पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। जब इन लोगों का विरोध किया गया, तो उन लोगों ने एक पंचायत की। पंचायत में उसके दामाद के परिवार का हुक्का पानी बंद करने व बोल-चाल करने पर पांच सौ रूपए जुर्माने का फरमान सुनाया गया। उक्त लोगों द्वारा घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट की गई। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नही की। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि दोनों पक्षो के खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# क्राप सर्वे करेंगे सचिव

## प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हाल ही में हुई भयंकर बारिश और जलभराव से धान, गेंहू और सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई। खेतों में लंबे समय तक पानी भरे रहने से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। अब प्रशासन ने नुकसान का आकलन कराने के लिए क्रॉप सर्वे की गति तेज कर दी है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सर्वे कराया जा रहा है। शुरुआत में यह जिम्मेदारी पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों को दी गई थी, लेकिन कई जगह लापरवाही सामने आने के बाद अब पंचायत सचिवों को यह कार्य सौंपा गया है। विकास खंड अल्हैपुर धामपुर के खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ने सचिवों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों की फसलों का सही ब्यौरा तैयार करें।

इसी क्रम में ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु चौहान, ग्राम पंचायत सचिव सहदेव कुमार ग्राम पंचायत रसूलपुर मोहम्मद कुली, ग्राम पंचायत सचिव सौरभ कुमार ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर नारायण, चकराजमल आदि ने ग्राम पंचायत अलादीनपुर भोगी, सहानपुर नवादा, तिवड़ी, नीदडू खास, बाजितपुर, मौ. अलीपुर भिक्कन समेत कई गांवों में सर्वे शुरू कराया।

अधिकारियों का कहना है कि तैयार रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेजी जाएगी। उसी आधार पर किसानों को मुआवजा और राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

किसानों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनके नुकसान की सही रिपोर्ट बनवाकर सरकार तक भेजेगा और उन्हें शीघ्र मदद मिलेगी। क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खासतौर खादर क्षेत्र की फसलें ज्यादा बर्बाद हुई हैं।




# झोलाछाप चिकित्सकों का राज

**मौहम्मद हनीफ**

**चांदपुर।** झोलाछाप चिकित्स्कों ने क्लीनिक खोल कर हर मर्ज का इलाज गारंटी के साथ करने की आड़ मे भोले भाले मरीजों को लूटने और मौत के मुंह तक धकेलने का धंधा शुरू कर रखा है।

यह न खुद डॉक्टर है और न ही इनके परिवार में कोई डॉक्टर है। मगर हर मर्ज का इलाज कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। सब से ज्यादा लूट गर्भवती महिलाओं के इलाज और नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर की जा रही है। नार्मल डिलीवरी की गारंटी देकर बड़ा ऑपरेशन करा देते है। केस बिगड़ने पर जच्चा और नवजात की जान पर बन आती है। बड़े-बड़े आलीशान शीशों की बिल्डिंगों में बैठे झोलाछाप कर रहे हैं।



### गर्भवती महिलाओं की नार्मल डिलीवरी की दे रहे गारंटी

पिछले दिनों एक फर्जी डॉक्टर के खिलाफ चांदपुर मे मुकदमा भी हुआ है।

बाईपास रोड पर कुछ फर्जी और ठेके के डॉक्टर असली और इज्जतदार चिकित्सकों को भी बदनाम करने से नहीं चूक रहे हैं। इन फर्जी चिकित्स्कों की महिला एजेंट नगर में गली-गली एवं गांव-गांव घूमती है। जिनका कार्य गर्भवती महिलाओं की खोज करना और उसे चहेते डॉक्टर के यहां तक पहुंचना होता है। महिला मरीज लाने या पहुंचवाने पर अच्छी इंकम हो जाती है।

झोलाछाप चिकित्सकों की अगर नोडल अधिकारी से जांच कराई जाये, तो बहुत कुछ सामने होगा और इनके झांसे में आने से बहुत महिलाओं और शिशुओं की जान बचाई जा सकती है। मगर ऐसा नहीं हो पाएगा, क्योंकि ऊपर महीना जाता है।

## सुनैना ने जीता मेडल

**नहटौर।** दो दिवसीय उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया गया। इस ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एसएनएसएम इंटर कॉलेज की छात्रा सुनैना ने सीनियर वर्ग के अंडर 49 किलोग्राम में ब्राउज मेडल पर कब्जा किया।

लखनऊ में जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच तथा नेशनल रेफरी चमन सैनी को जिला बिजनौर की ओर से सीनियर कोच बनाकर भेजा गया। कोच चमन सैनी ने बताया कि सुनैना ने इस चैंपियनशिप से पहले भी ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर के सत्संग भवन में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित परितोष शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा रूपी अमृत रस का पान कराया।

मौहल्ला गुजरातियान में स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य ने कहा कि भगवान की भक्ति, कृपा और अनुकंपा उसी प्राणी को प्राप्त होती है, जो सांसारिक विषयों से मन हटाकर आस्था, श्रद्धा और विश्वास के साथ भागवत कथा श्रवण का संकल्प ग्रहण करता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा न केवल अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि जीवन की समस्याओं के सरल समाधान भी प्रस्तुत करती है।



### श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक रूप से 'जय श्री राधे' का उद्घोष

कार्यक्रम में संगतकार शिवम अरोड़ा (बिजनौर) और विवेक शर्मा (झालू) के साथ-साथ भजन गायक आशु नामदेव और अभिषेक वर्मा ने भजनों से वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 'जय जय श्री राधे' का उद्घोष करते हुए राधा-कृष्ण के चरणों में आस्था प्रदर्शित की।

पहले दिन के मुख्य यजमान सुभाष सैनी 'मुन्ना भैया' उनकी धर्मपत्नी मंजू देवी, हेमंत सैनी, तूलिका सैनी, वरुण सैनी, रोहिणी सैनी आदि रहे। इसके अलावा नगर के समाजसेवी अंकित अग्रवाल (होटल वाले) ने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

धार्मिक संस्था श्री हरि नारायण चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विनीत कौशिक एवं सदस्य आकाश शर्मा व शिवा जोशी के संयोजन में चल रहे इस महोत्सव में पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

# अध्यापकों के सम्मान व पर्यावरण की रक्षा पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्राथमिक विद्यालय दारानगर में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर एक भव्य आयोजन किया।

खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती राधा रानी गोयल के साथ वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून की प्रतिनिधि श्रीमती विनीता सागर शोभायमान रहें। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती प्रीति शर्मा, श्रीमती सीमा यास्मीन व श्रीमती सुचित्रा तोमर ने क्रमशः तीनों अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया एवं इसके बाद बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक डॉ. आकाश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका श्रीमती राधा रानी गोयल को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने सभी बच्चों को अपने शब्दों के माध्यम से आशीर्वाद दिया एवं उन सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### प्राथमिक विद्यालय दारानगर में कार्यक्रम

श्रीमती अलका अग्रवाल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि पूर्व अध्यापकों का सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों ही बहुत आवश्यक हैं। प्रधानाध्यापक डॉ. आकाश अग्रवाल की पहल पर पर्यावरण की दृष्टि से विद्यालय परिसर में आंवला, जामुन, गुलमोहर आदि के पौधे अतिथियों द्वारा रोपे गए। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से पधारीं श्रीमती विनीता सागर ने इस कदम पर प्रसन्नता जाहिर की एवं भविष्य में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में श्रीमती निधि शर्मा, सुश्री फात्मा खातून, श्रीमती ममता, श्रीमती मृदुला, श्रीमती गीता, श्रीमती बाला, श्रीमती पुष्पा, श्रीमती प्रियंका, शशिकांत, निपेंद्र, धर्मेंद्र आदि का विशेष योगदान रहा।

# नहटौर में सर्वे का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका क्षेत्र में लखनऊ से आई सात सदस्यों की टीम ने भौगोलिक सूचना प्रणाली के तहत गृह कर निर्धारित करने के लिए सर्वे का काम शुरू किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के गृहकर निर्धारण के लिए पालिका की ओर से भौगोलिक सूचना प्रणाली के तहत सर्वे शुरू किया गया है।

भौगोलिक सूचना प्रणाली के तहत रास्तों की चौड़ाई को देखा जाएगा। मकान के सामने कितनी चौड़ाई की सड़क उसके अनुरूप ही गृहकर निर्धारित किए जाएंगे। मकान के सामने छोटे रास्ते होने पर कर कम होने की उम्मीद है। जबकि जिन लोगों ने चौड़े रास्ते व हाईवे पर अपने मकान बनाए है, उन पर गृह कर बढ़ने की उम्मीद है। भौगोलिक सूचना प्रणाली के तहत शिवाए डिजिटेक की टीम ने एक अगस्त से सर्वे का काम शुरू किया है।



### गृहकर निर्धारित करने के लिए कवायद

वार्ड नम्बर दो का कार्य पूर्ण करने के बाद टीम ने वार्ड तीन में बुधवार को कार्य किया। जिसमें मकान की सीमांकन को डिजिटल एप पर दर्ज किया जा रहा है। टीम के प्रभारी मिथलेश यादव ने बताया कि सात सदस्यो की टीम इस काम में लगी है। मकान का सर्वे ई प्रणाली के तहत आनलाईन अपलोड किया जा रहा है। टीम में मिथलेश यादव, कृष्णा प्रजापति, वशिष्ठ कुमार, कविता रानी, सपना रानी, हर्ष कुमार मौजूद रहे।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र राजन कुमार को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। राजन व उसकी पत्नी अपने किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**भूदेव सिंह पुत्र मूला सिंह निवासी ग्राम शाहपुर मुबारकपुर उर्फ चमरावाला, थाना व तहसील नगीना, जनपद बिजनौर, उ.प्र.**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम ABDULLAH MUJAHID FURQAN से ABDULLAH MUZAHID FURQAN रख लिया है। अब मुझे भविष्य में ABDULLAH MUZAHID FURQAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**ABDULLAH MUZAHID FURQAN S/O MUZAHID FURQAN R/O FARIDPUR UDA, BIJNOR, DISTT. BIJNOR**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम FAISAL MUZAHID FURQAN से FAISAL MUZAHID रख लिया है। अब मुझे भविष्य में FAISAL MUZAHID के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**FAISAL MUZAHID S/O MUZAHID FURQAN R/O FARIDPUR UDDA, BIJNOR, DISTT. BIJNOR**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मूल बैनामा दिनांक 17.01.1972 बही नं. 1 जिल्द संख्या 592 पृष्ठ संख्या 63, 64 क्रमांक संख्या 92 जो मेरी माताजी कान्ति देवी पत्नी प्रेम सहाय के नाम श्री कैलाश चंद्र शर्मा पुत्र देवी प्रसाद ने किया था। वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका किसी अन्य के द्वारा प्रयोग पूर्णतः अवैध माना जायेगा। यदि किसी व्यक्ति को उक्त बैनामा मिले तो निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**अजीत अग्रवाल पुत्र प्रेम सहाय, मौ. जाटान बी-3, निकट गणेश चौक, बिजनौर**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैं खुशनुदा अपने सगे पुत्र मौहम्मद शादाब व उसकी पत्नी गुलशन को बुरी संगत में पड़ने के कारण उसको संपत्ति में हिस्सा देकर संबंध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**खुशनुदा पत्नी स्वर्गीय शकील अहमद निवासी मोहल्ला छापेग्रान, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# पूर्व पीएम स्व. राजीव की जयंती पर नि:शुल्क मेडिकल कैम्प



**नजीबाबाद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन के आवास पर युवा भारत की संकल्पना के साथ आधुनिक भारत के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।

## सद्भावना दिवस मनाया

इस अवसर पर नगर पंचायत सहानपुर में ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन के आवास पर एक दिवसीय नि:शुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिसके पश्चात नि:शुल्क मैडिकल कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें डॉ. शादमान अनीस (सामान्य एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ), फार्मासिस्ट मोहम्मद नौमान आदि द्वारा मरीजों की जांच की गई। मेडिकल कैंप में समाचार भेजे जाने तक लगभग 45 लोगों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। युवा नेता अभिनव अग्रवाल एड. ने स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजीव गांधी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। जांच करने आए डॉक्टर व उनकी टीम को कांग्रेसियों ने सम्मानित भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन, वरिष्ठ कांग्रेसी वसीम अख्तर, युवा नेता अभिनव अग्रवाल एड., वकील मंसूरी, शारिब अंसारी एड., फैज आलम एड., अंकित, आर्य कुमार, मयंक, प्रियांशु, धर्मवीर सिंह, कैलाश, मोखा आदि मौजूद रहे।

# देवता महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य के विरुद्ध एफआईआर के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सिविल जज (जू.डि.) न्यायिक मजिस्ट्रेट चांदपुर बुशरा खुर्शीद ने देवता महाविद्यालय मोरना के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद व आजीवन सदस्य जितेंद्र कुमार के विरुद्ध थाना प्रभारी निरीक्षक नूरपुर को सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये है।

न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 20 अगस्त में कहा कि सचिव वीरेंद्र सिंह द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में प्रतिपक्षी सुभाषचंद्र तथा आजीवन सदस्य जितेन्द्र कुमार द्वारा पूर्व में अपने पद पर रहते हुए महाविद्यालय में लाखों रूपये का घोटालेबाजी की है। कालेज के लिपिक निरंजन सिंह के साथ मारपीट भी की गई थी। जिसकी सूचना थाने पर दी गई। लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि सुभाष चंद को 23-3-25 को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। बावजूद इसके वे इस पद नाम का अभी भी दबंगई के साथ दुरूपयोग कर रहे है। न्यायालय ने धारा 316(4) बीएनएस के अंतर्गत संज्ञेय अपराध मानते हुए सुभाषचंद व जितेन्द्र कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिये है। क्षेत्र में देवता महाविद्यालय मोरना प्रकरण चर्च का विषय बना हुआ है।

## सिविल जज बुशरा के आदेश से मची खलबली

इस मामले में तरह तरह की बातें करते हुए नजर आ रहे इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र के लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) बिजनौर**
वाद सं. : 215/2024
इंतजार आदि बनाम परसन्दी देवी

1. इंतजार, 2. इंताजुमद्दीन 3. शमशाद अहमद व 4. शहजाद अहमद पुत्रगण मौ. अली निवासीगण ग्राम सल्लाहपुर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर
वादी

बनाम

परसन्दी देवी पत्नी धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम सल्लाहपुर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 03.09.2025 को प्रात: 10 बजे स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
नियत दिनांक : 03.09.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज**
**( जू.डि. ) बिजनौर**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद ( बिजनौर )**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-
147(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री सुनील कुमार पाटिल पुत्र श्री साहेब राव पाटिल मौहल्ला धर्मदास** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती दीपा वर्मा पत्नी विरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्री श्री छोटे लाल वर्मा** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन -पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दे। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं. : 89/1 मौहल्ला धर्मदास** नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद ( बिजनौर )**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-
147(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शाहीन परवीन पत्नी श्री नसीम अहमद सिद्दीकी मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री हिमांशु अग्रवाल व निपुण अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन -पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दे। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं. : 352/7 मौहल्ला वाहिदनगर** नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

**न्यायालय अपर जिला जज**
**/एफ.टी.सी.-II बिजनौर**
प्रकीर्ण वाद सं. : 83/2017
**मैसर्स बिजनौर लीजिंग लि.**
**बनाम मसरूर इलाही**

मैसर्स बिजनौर लीजिंग लि. मुख्य कार्यालय 156 सिविल लाईन्स द्वितीय, बिजनौर, नगर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर द्वारा प्रबन्ध निदेशक संस्थान उपरोक्त

बनाम

1. मसरूर इलाही पुत्र श्री करम इलाही निवासी मौ. कस्साबान बिजनौर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर 2. हनीफ अहमद (मोटर मिस्त्री) पुत्र श्री नजीर अहमद निवासी बाजार शम्भा निकट पठानो वाला कुआं, बिजनौर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर 3. शमीमुद्दीन पुत्र श्री मोईनुद्दीन निवासी मौ. चाहशीरी बिजनौर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 22.08.2025 को प्रात: 10 बजे से अथवा बंधक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
नियत दिनांक : 22.08.2025

**प्रबंधक**
**अपर जिला जज**
**/एफ.टी.सी.-II, बिजनौर**

# हादसे में युवक की मौत

## दूसरे की हालत नाजुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर गांव दुगरी के पास बाईक अनियंत्रित होकर फिसल कर नीचे गिरने पर दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जांच चिकित्सक ने एक बाईक सवार को मृत घोषित कर दिया। दूसरे गंभीर घायल को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर क्षेत्र के गांव मधी निवासी रोहित पुत्र मुन्ने उम्र 23 वर्ष अपने गांव के नितिन पुत्र छत्रपाल उम्र 24 वर्ष बाईक द्वारा नहटौर से धामपुर की ओर जा रहे थे। अपराह्न करीब 3:00 बजे धामपुर मार्ग पर गांव दुगरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां रोहित को मृत घोषित कर दिया। नितिन को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मृतक के शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सलीम को सौंपी जिम्मेदारी



**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला सरायरफी निवासी सलीम अहमद को भारतीय गौरक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर राकेश सिंह परिहार ने पश्चिम उत्तर प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए भारतीय गौरक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पश्चिम उत्तर प्रदेश का महामंत्री मनोनीत किया है।

कुंवर राकेश सिंह परिहार ने सलीम अहमद को मनोनयन पत्र देते हुए आशा व्यक्त की है कि सलीम अहमद के मनोनयन से भारतीय गौरक्षा वाहिनी और भी अधिक मजबूत व संगठित होगी। उनके प्रयासों से कर्मठ, राष्ट्रभगत एवं संघर्षशील कार्यकर्ता संगठन से जुड़ सकेगें तथा संगठन के सिद्धांतों नीतियों एवं विचारों को वह जन जन तक पहुंच. ने का कार्य करेंगे। कुंवर राकेश सिंह परिहार ने कहा की पूरा संगठन सलीम अहमद की हर परिस्थिति में हर समय साथ खड़ा है। मालूम हो कि पूर्व 2022 को भारतीय गौरक्षा वाहिनी संगठन ने सलीम अहमद को अल्पसंख्यक जिला बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी और 2024 को जिला अध्यक्ष बनाया गया था। सलीम अहमद द्वारा भारतीय गौरक्षा वाहिनी में लगन व निष्ठा के साथ कार्य करता देख भारतीय गौरक्षा वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार ने भारतीय गौरक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पश्चिम उत्तर प्रदेश का महासचिव मनोनीत किया है। भारतीय गौरक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पश्चिम उत्तर प्रदेश का महासचिव मनोनीत होने पर उनके समर्थको एवं भारतीय गौरक्षा वाहिनी के सभी कार्यकर्ताओं में खुशी के लहर दौड़ गई हैं। उनके सभी समर्थक व संगठन के सभी कार्यकर्ता सलीम अहमद को बधाई देने में लगे हुए है।

## कृष्णा कालेज में पोस्टर प्रति.



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद ख़ान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइन्स एण्ड इंफॉरमेशन की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा एवं लॉ विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी मानवता सुरक्षित रह पाएगी। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डा. सोमा सिंह, सुनील कुमार एवं श्रीमती सीमा त्यागी ने किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और विजेताओं के नाम घोषित किए। जिसमें प्रथम स्थान पलक, द्वितीय स्थान सना एवं ई,ग़ांत तृतीय स्थान पर रहे। इस सफल आयोजन में विभाग के प्रवक्तागण डॉ. एम.ए. खान, षिवकुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूजा ठाकुर, अभिषेक सिंह, दीपिका सिंह व मीनू कोठारी का सहयोग रहा। प्राचार्य डा.परवेज़ अहमद ख़ान ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

# हल्दौर में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

## रामपुर में प्रति. का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जनपद रामपुर में दो दिन पूर्व आयोजित मंडलीय प्रतियोगिताओं में सीडी इंटर कॉलेज के विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

बुधवार को जनपद रामपुर के स्टेडियम बमनपुरी में दो दिन पूर्व आयोजित प्रतियोगिता में सीडी इंटर कॉलेज के 17 वर्ष बैडमिंटन बालिका वर्ग में अंशिका चौधरी व इसी बालक वर्ग में लकी, 19 वर्ष बैडमिंटन बालक वर्ग में तुषार प्रजापति ने स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्ष टेबल टेनिस बालिका वर्ग में परिणिता, 17 वर्ष टेबिल टेनिस बालिका वर्ग में गुड़िया, रिद्धिमा, 19 वर्ष टेबिल टेनिस बालि. का वर्ग में सुनैना, अर्चना व लकी, 17 वर्ष टेबल टेनिस बालक वर्ग में हर्ष कुमार, राजकुमार, व मनीष कुमार तथा 19 वर्ष टेबिल टेनिस बालक वर्ग में हर्ष दिवाकर, नमन कुमार, सुरजीत कुमार, 14 वर्ष बालक वर्ग में अक्षित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। 14 व 19 वर्ष बैडमिंटन बालिका वर्ग बैडमिंटन में कांस्य पदक जीते। पीटीआई धर्मवीर सिंह ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले विजेता खिलाड़ी बरेली में आयोजित नौ सितंबर से तीन दिवसीय प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने जाएंगे। प्रबंधक सुशांत ऐरन और प्रधानाचार्य मेजर रमाशंकर ने सभी खिलाड़ियों को किट देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नवनीत कुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने किया।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे डीएम से मिले

## अपना दर्द सुनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात की और अपने साथ थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को ले जाकर उनका दर्द बयां किया।

परिजनों ने डीएम को बताया कि अपने बच्चों को जीवित रखने के लिए उन्हें सामान्यत: किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि थैलेसीमिया एक ऐसी गंभीर बीमारी है जिससे पीड़ित मरीज को जीवित रहने के लिए प्रतिमाह 1 से 2 यूनिट रक्त चढ़ाया जाता है तथा कई ऐसी दवाईयो की भी आवश्यक होती है जो रक्त सीमा को बढ़ाती है। दुर्भाग्य है कि बिजनौर जनपद में ना तो ये दवाईयाँ उपलब्ध हैं और ना ही मरीज को चढ़ाये जाने वाले रक्त के लिए लिको फिल्टर ही उपलब्ध है। जनपद में अधिकांश निजी ब्लड बैंक से थैलेसीमिया मरीजों को नियमानुसार नि:शुल्क रक्त उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जनपद में थैलेसीमिया के 150 से अधिक मरीज हैं, जिन्हें रक्त व दवाई आदि के लिए बाहरी जनपदों में जाना पड़ता है। अन्य राज्यों व उत्तर प्रदेश के ही कई जनपदों में ये दवाईयाँ सरकार की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध है तथा अन्य सुविधाएँ भी हैं। प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मांग की गई कि जिला अस्पताल में थैलेसीमिया मरीजों के लिए अलग वार्ड की स्थापना कराई जाए। जिला अस्पताल में थैलेसीमिया मरीजों के लिए लिको फिल्टर की व्यवस्था की जाए। जिला अस्पताल में थैलेसीमिया मरीजों के लिए नि:शुल्क दवाईयाँ उपलब्ध कराई जाए। थैलेसीमिया मरीजों को 100 प्रतिशतता वाले दिव्यांग कार्ड जारी किये जाए। निजी ब्लड बैंक पर थैलेसीमिया मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाए। जिला अस्पताल में भर्ती थैलेसीमिया मरीजों को वहाँ उस ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं होने पर बाहर से लाये गये रक्त को चढ़ाने की अनुमति दी जाए। डीएम से मिलने वालों में वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़, हिंदू ब्लड बैंक सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राहुल राजपूत, अतुल पाल परितोष चंदेल, आशु, ब्रह्मपाल सिंह,यस, वंदना, आदि शामिल रहे।

## गल्लाखेड़ी में किसान गोष्ठी




**चान्दपुर।** अपर मुख्य सचिव एवं गन्ना आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ विकास मलिक एवं उपाध्यक्ष गन्ना जितेन्द्र मलिक द्वारा बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर के क्षेत्र में गांगन नदी एवं बान नदी के समीपवर्ती बाढ़ प्रभावित ग्रामों गोहावर, आलमपुर एडवा, धूधली, शाहपुर खेड़ी, विशनपुरा, पितुपुरा, कमाला, सैदपुर, आबिदनगर दूंधली, तेलीपुरा, सेह मालवा एवं कमालपुर आदि का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम कमालपुर एवं गल्लाखेड़ी में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ विकास मलिक द्वारा कृषकों को बाढ़ प्रभावित गन्ने के खेतों में कृषकों को एडवाइजरी के अनुसार गन्ने की फसल को बाढ़ से बचाने हेतु जल निकासी का प्रबंधन करने, अवशेष प्लाटों में यथा संभव गन्ना बधाई करने फंगिसाइड के साथ जल विलेय एनपीके का छिड़काव एवं 5 किलोग्राम सल्फर एवं 10 किलोग्राम सागरिका प्रति एकड़ के प्रयोग के बारे मे भी बताया। इसी के साथ गन्ने की बीमारियों एवं कीट की पहचान एवं नियंत्रण के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में उपाध्यक्ष गन्ना जितेन्द्र मलिक द्वारा चीनी मिल द्वारा गन्ना विकास की योजनाओं एवं कृषकों के प्रश्नों के बारे मे विस्तार से बताया। ग्राम गल्लाखेड़ी की कृषक गोष्ठी में कृषक रामपाल सिंह द्वारा डॉ विकास मलिक एवं उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## जैद ने जीता सिल्वर मेडल



**रेहड़।** लखनऊ में स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 4जी सब जूनियर व सीनियर स्टेट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी अफजलगढ़ के सब जूनियर वर्ग के फाइटर कासमपुर गढ़ी निवासी एसएम जैद ने अंडर 29 ज्ञह में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर एकेडमी व जनपद का नाम रोशन किया। एकेडमी के कोच मौ. आरिफ ने बताया कि सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी के 10 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ताइक्वांडो फेडरेशन के तत्वाधान में 17, 18 व 19 अगस्त को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय इस चौंपियनशिप में एकेडमी के 10 खिलाड़ियों में से छह खिलाड़ियों भावना पाल, अबूजर खान, मौ. हस्सान, हुसैन अब्दुल्ला, अबूजर रिजवान, तलहा तुर्क ने ब्रोंज मेडल जीता जबकि सब जूनियर वर्ग के 29ज्ञह वर्ग में एक मात्र खिलाड़ी लाम्बा कान्वेंट स्कूल अफजलगढ़ के छात्र पत्रकार एसएम असलम के पुत्र एसएम जैद ने अपने वर्ग में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल हासिल कर बिजनौर का नाम रोशन किया। मौ. आरिफ ने बताया कि इस चौंपियनशिप में शामिल हुए प्रदेश भर के लगभग 500 खिलाड़ियों ने हजारों दर्शकों के बीच अनुशासन एवं आत्मविश्वास का परिचय देते हुए शानदार शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया जिन्हें आयोजक टीम व अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अपने वर्ग में इस चौम्पियनशिप में जनपद के एकमात्र सिल्वर मेडलिस्ट एसएम जैद की राज्य स्तरीय चौंपियनशिप में इस सफलता को लेकर परिवार एवं एकेडमी में हर्ष का माहौल है।

# डीआईओएस कार्यालय पर धरना

## जोरदार ढंग से उठाई मांगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर आज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री विनोद कुमार के संचालन में आयोजित धरने पर आज जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया, नारे लगाए, तथा शासन से त्वरित गति से समस्याओं के निस्तारण की मांग की। विज्ञप्ति के माध्यम से जिला अध्यक्ष ने जानकारी दी कि प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश के सभी जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर ये धरने आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुरानी पेंशन की बहाली, सेवा सुरक्षा संबंधी धारा 12, 18 तथा धारा 21 की पुनर्स्थापना, तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन, एनपीएस के पैसे का सही आवंटन, कैशलैस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण पद्धति का सरल. ीकरण, कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने, ग्रेच्युटी की राशि को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने, 62 वर्ष में ग्रेच्युटी देने जेसी मांगो को लेकर आज का धरना आयोजित किया गया। धरने को संबोधित करते हुए गय्यूर आसिफ ने कहा कि बेहद दुख और शर्म की बात है कि चाक, डस्टर, कॉपी और कलम संभालने वाले शिक्षक समाज को, संवेदनाशून्य सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों ने दरी पर बैठने को मजबूर कर दिया। आसिफ ने कहा दरी पर बैठना शिक्षकों का शौक नहीं मजबूरी है।

शासन को तुरंत शिक्षकों की समस्त समस्याओं को गंभीरता पूर्वक निस्तारित करना चाहिए अन्यथा प्रदेश का शिक्षक समाज सड़क पर उतरकर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

सुरेंद्र मलिक ने कहा कि इस संगठन ने त्याग और बलिदान देकर बड़े बड़े घमंडी और तानाशाही रवैया रखने वाले शासकों को उनकी आयुक्त दिखाई है। यदि सरकार ने शिक्षकों की समस्याओं की यूंही अनदेखी की तो आने वाले समय मे इनको भी बाहर का रास्ता देखना पड़ेगा। धरने को सुरेंद्र मलिक, विनेश त्यागी, टिकेश चौधरी , देवेंद्र कुमार, मनोज यादव, रविंद्र शर्मा,कुलवीर सिंह, सुधांशु कुमार, आदि शिक्षकों ने संबोधित किया। दरी पर बैठकर शासन से अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करने वालों में कैलाश शास्त्री, ब्रजवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, ओपी यादव, आरवी देवरा, डॉ हरीश राजप. ूत, ललित कुमार, चंद्रहास सिंह, करणवीर सिंह, मयूर मलिक निर्दोष कुमार, भूपेंद्रपाल सिंह, बृजेश कुमार, सुभाष बाबू, नरेंद्र कुमार, मेघराज सिंह, मुहम्मद मजहर नामी, रश्मि चौहान, अमृता यादव, शबाना परवीन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### गुलदार ने बनाया शिकार

**बढ़ापुर।** ग्राम पक्का तालाब पर डेरे पर बंधी एक भैंस को गुलदार ने हमला कर मार डाला। गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में डर बना हुआ है। कस्बे के मौहल्ला झोझियांन निवासी मोहम्मद हमीदुल्ला ने पक्का तालाब पर डेरा डालकर पशु पालन कर रखा है। मंगलवार की रात उनका बेटा नौशाद डेरे पर सोया हुआ था तभी गुलदार डेरे पर पहुंचा और भैंस पर हमला कर उसे खींचकर ले जाने लगा। भैंस के रंभाने की आवाज सुनकर नौशाद जागा और शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर गुलदार मौके से भाग निकला। लेकिन तब तक भैंस की मौत हो गई थी। साहूवाला वन क्षेत्राधिकारी रामवृक्ष यादव ने बताया कि घटना की घटना की जानकारी मिल गई है। वन कर्मियों को भेज कर गश्त कराया जा रहा है। गुलदार की निगरानी की जा रही है।

### दबंगों का धारदार हथियारों से हमला

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव गोपालपुर में पिता पुत्र पर दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया। राजीव चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एक हफ्ते पहले गांव के ही वीर सिंह ने अपने बेटे चमन के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल होने पर घायल को हाय सेंटर अस्पताल में भर्ती कराया। हमले में उसके सर में गंभीर चोटे आई है पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान को सांप ने डसा

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव तेलीपुरा निवासी मके सिंह पुत्र रामपाल सिंह अपने खेत पर भैंसों के लिए चारा काटने गया था। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया सांप के काटने पर परिवार के लोग गांव में ही सांप का इलाज करने वाले के पास ले गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत को नाजुक देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**चादपुर।** पी.बी.एस. फूड्स और धामपुर चीनी मिलों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के बचाव के लिए सार्थक प्रयास किए हैं। इन बाढ़ प्रभावित ग्रामों का ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर वीएम पाठक और चीनी मिल के डेवलेपमेंट हेड प्रदीप सोलंकी की संयुक्त टीम द्वारा दतियाना, जमालुदीनपुर, सुजातपुर, खद्दन, मुजफ्फरपुर, नेवला, सयाली नेवला, नारनौल, रायपुर और जलालपुर जैसे गांवों का दौरा किया। बाढ़ का प्रभाव और बचाव के उपाय बताते समय बाढ़ प्रभावित किसानों ने बताया कि खेतों में पानी अभी भी भरा हुआ है। जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। खासकर गन्ने की फसल पर इसका बुरा असर पड़ रहा है, जिससे रेड रॉट और टॉप बोरर जैसी बीमारियों के बढ़ने की संभावना बढ़ी है। इस स्थिति से निपटने के लिए चीनी मिलों और समितियों में थियोफिनेट मैथिल, एमिडक्लोपाइड और मोइसी जैसे आवश्यक रासायनिक कीटनाशक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव ड्रोन की मदद से किया जा रहा है, जिससे बड़े क्षेत्र को कम समय में कवर किया जा सके। उन्होंने जैविक नियंत्रण और पंचामृत खेती के बारे में बताते हुए कहा कि रासायनिक उपायों के साथ-साथ जैविक नियंत्रण पर भी जोर दिया जा रहा है। ग्राम अकबरपुर में ट्राइकोडर्मा कल्चर का उपयोग देखा गया जो फसलों को फंगल बीमारियों से बचाने में मदद करता है। रेड रॉट से प्रभावित क्लैंप्स को तुरंत हटाया जा रहा है ताकि संक्रमण न फैले। इसके अलावा ग्राम सेंधवार में गन्ने के टॉप बोरर के पतंगों को धान के खेतों में जाने से रोकने के लिए फेरोमोन ट्रैप लगाए गए हैं। ये ट्रैप पतंगों को आकर्षित कर उन्हें नष्ट करते हैं, जिससे फसल को नुकसान होने से बचाया जा सके। किसानों के साथ संवाद और विभागीय योजनाएं अकबरपुर गांव में किसानों के एक समूह के साथ पंचामृत खेती पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य किसानों की आय दोगुनी करना है। इस चर्चा में ट्रेंच प्लांटिंग, सह-फसल, ड्रिप इरिगेशन, रटून मैनेजमेंट और ट्रैश मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। किसानों को जैविक कीट नियंत्रण जैसे ट्राइकोकार्ड के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इस प्रयास से किसान भी सरकार की योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत हुए। यह पहल दिखाती है कि कैसे चीनी मिलें और किसान मिलकर प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे हैं और आधुनिक तथा जैविक तरीकों को अपनाकर अपनी फसलों और आय को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहे हैं।

### भाकियू ने उठाई समस्याएं

**बिजनौर।** विकास भवन में सीडीओ को अध्यक्षता में हुए किसान दिवस में भाकियू नेताओं ने किसान समस्याओं को उठाकर अधिकारियों पर किसान दिवस में आई समस्याओं को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया। बुधवार को भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार सिंह, अंकित चौधरी, अभिषेक चांगियांन, इन्तजार मंसूरी, बेगराज सिंह, आदि नेताओं ने किसानों से संबंधित अनेक सड़कों के निर्माण, गांवों में बनी टंकी से पानी की सुचारू व्यवस्था न होने के बाद भी गांवों में खराब पड़े सरकारी हैंड पंपों को ठीक न कराने से ग्रामीणों की समस्याओं को उठाया, बिलाई मिल द्वारा किसानों का अरबों रुपए का बकाया गन्ना भुगतान न होने, शैडयूल के मुताबिक बिजली न मिलने और जगह जगह पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्याओं को उठाया। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी जगवीर तेवतिया, जिला गन्ना अधिकारी प्रभुनारायण सिंह, रेंजर महेश गौतम आदि अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### अलीशा की डिप्टी सीएम से मुलाकात



**नूरपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री अलीशा हुसैन सिद्दीकी व प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में लखनऊ पहुंच कर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर भेंट कर एक ज्ञापन दिया। जिसमें आनलाईन व्यापार को बंद करने, व्यापारी सुरक्षा आयोग गठित कर सभी व्यापार मंडल के प्रति. निधि को शामिल करने, चांदपुर से बास्टा मार्ग का निर्माण कराने, जनपद बिजनौर के झालू,गंज, राजा का ताजपुर बास्टा को पुलिस चौकी के स्थान पर थाने स्वीकृति प्रदान करने, झालू नगर पंचायत को नगर पालिका और राजा का ताजपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गयी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं पर ध्यानपूर्वक विचार कर जल्दी ही ताजपुर को नगर पंचायत बनाने पर विचार किया जायेगा। सरकार हर वक्त व्यापारियों के साथ खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल में सुदेश पांडेय जिलाध्यक्ष बरेली, आलिशा हुसैन सिद्दीकी प्रदेश सयुंक्त महामंत्री महिला आदि व्यापारी उपस्थित थे।

### अफजलगढ़ में झोलाछाप ने बच्चे को मारा, पुलिस को दी तहरीर

**अफजलगढ़।** नगर में झोलाछाप चिकित्सकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि उपचार के दौरान एक झोलाछाप ने अपनी जेब भरने के चक्कर में मासूम बच्चे की जान ले ली। दुखी परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मामला अब स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुँच गया है। अफजलगढ़ में झोलाछाप डॉक्टर कुकुरमुत्तों की तरह फल-फूल रहे हैं। मात्र दो वर्षों में 3 दर्जन से अधिक छोटे-बड़े अस्पताल खुल गए हैं। नगर में दर्जनों क्लीनिक संचालित हैं, लेकिन उनमें इलाज कौन करता है, इस पर किसी की नजर नहीं। नगर वासियों का कहना है नगर में और भी कई क्लिनिक अवैध तरीके से चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सभी अस्पताल रजिस्टर्ड हैं, लेकिन वहां कौन-सा डॉक्टर बैठता है और कौन इलाज करता है, इसकी कोई जिम्मेदारी विभाग लेने को तैयार नहीं। नगरवासियों ने प्रशासन से इन झोलाछाप चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सेवा निवृत्ति से पूर्व अधिक अधिक भुगतान में फंसे जिला विद्यालय निरीक्षक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 31 अगस्त को सेवा निवृत हो रहे जिला विद्यालय निरीक्षक एक नई मुसीबत मं फंस गए है। मूल वेतन से अधिक भुगतान हासिल करने का मामला प्रकाश में आते ही शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश ने वित्त नियंत्रक प्रयागराज को प्रकरण की जांच कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

**0 इसी माह 31 अगस्त को होना है रिटायरमेंट**

चन्दौसी के मौहल्ला खुर्जा गेट निवासी दिनेश चन्द्र अग्रवाल ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक लखनऊ को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर तैनात श्यामा प्रसाद की नियुक्ति अप्रैल 2005 में पी डी एस के रूप में हुई थी। जिनका मूल वेतन 134000 है। जबकि तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल वेदराम का मूल वेतन इनकी सेवा निवृत्ति के समय 102500 रूपये था और इनकी नियुक्ति तिथि भी अप्रैल 2005 थी तो गत एक जनवरी को रिटायर हो चुके हैं। दोनों व्यक्तियों की एक ही समय में नियुक्ति होने के बावजूद मूल वेतन में 31500 का अंतर है। जो संदिग्ध प्रतीत होता है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) प्रयागराज को प्रकरण की जांच एक सप्ताह में कर आख्या जिला कोषाधिकारी सम्भल के साथ शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) लखनऊ को उपलब्ध कराने के आदेश दिए है। बता दें कि जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा प्रसाद इसी माह 31 अगस्त को सेवा निवृत हो रहे हैं। उनके मेल वेतन से अधिक का भुगतान लेने से उनकी मुसीबते काफी बढ़ सकती हैं।



सम्भल- बैंको की समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बैंकों की समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग को सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत आये आवेदन की डीएम ने जानकारी ली। जबकि धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि इसमें प्रगति धीमी है, उन्होने कहा कि योजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंक में सीसीएल की लंबित पत्रावली की बैंक वार जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सीसीएल डे निश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही

**0अधिक से अधिक लोन क निर्देश**

बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखना सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ पेन कार्ड को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उद्यान विभाग की योजना पीएमएफएमई को लेकर भी बैंक वार जानकारी ली गयी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत अधिक से अधिक लोन करें यह शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं में से एक है। मुख्य विकास अधिारी गोरखनाथ भटट द्वारा माटी कला योजना के अन्तर्गत आवेदन, लंबित आवेदनों आदि के विषय में बैंक वार जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उपायक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह, एलडीएम ललित कुमार रॉय एवं बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडी में गेहूं के अलावा अन्य उत्पादों की भी हो खरीद-फरोख्त

शाह टाइम्स संवाददाता






**बबराला।** कृषि उत्पादन मंडी समिति बबराला में सुपर मार्केट और फल व सब्जी मंडी खोले जाने का प्रस्ताव 22 वर्ष पूर्व भेजा गया था।जिसका संज्ञान लेकर सुपर मार्केट की दस दुकानें तैयार हो गयीं है।इनका आवंटन नीलामी से होगा।लेकिन यहां गेहूं के अलावा अन्य खरीद न होने से किसान परेशान हैं।उनको अपने उत्पादन को औने-पौने दामों पर बेचना पड़ता है।लोगों ने कहा कि मंडी में और दुकानें बनाये जाने को मंजूरी दी जाये।

नगर में कृषि उत्पादन मंडी समिति 18.65 एकड़ भूमि पर वर्ष 1988 में स्थापित हुई थी। किसानों को गेंहू के अलावा अन्य फसलों व फल एवं सब्जी मंडी सुचारू होने की सुचारू होने की आस है।अगर यह शुरू हो जाये तो किसानों को फसल उत्पादन का समुचित लाभ मिल सकेगा। मुनीश पाल ने कहा कि मंडी में सुपरमार्केट की दस दुकाने बनकर तैयार हैं।इनके बनने से लोगों की आय के साधन बढ़ जायेंगे। इसमे सभी उत्पादनों की बिक्री हो। मंडी में और दुकानें बनाने की स्वीकृति दी जाये। संजय शर्मा ने कहा कि मंडी में अभी तक केवल गेहूं की खरीद-फरोख्त होती है।जबकि अन्य फसलों के उत्पादन, फल व सब्जी मंडी से क्षेत्र के किसानों को उचित व सही दाम उत्पादन के मिलने चाहिए। चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि बबराला में सुपर मार्केट आरम्भ होने से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहाँ फल एवं सब्जी मंडी आरम्भ हो। दिनेश कौशल व रविराज वार्ष्णेय ने कहा कि मंडी समिति में दुकानें और भी बनाई जायें। जिससे लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें।मंडी में इसके लिए काफी स्थान है।इसका प्रावधान किया जाये। इससे समिति को भी लाखों का राजस्व प्रतिवर्ष मिलने लगेगा।

# दुर्घटना को न्यौता दे रहे हैं रेलवे क्रासिंग पर गड्ढे

**सिरसी।** कस्बे के रेलवे क्रासिंग मार्ग पर बने गडढे भारी वाहनों के लिए खतरे से कम नहीं है। साथ ही दो पहिया वाहनों के लिए सीधा दुर्घटना को न्यौता देना हैं गडढों की मरम्मत गडढों की मरम्मत वर्षगांठ भी नहीं बना पाती कि मार्ग टूट जाता है।

मालूम हो कि रेलवे क्रासिंग के पास सड़क के रख-रखाव की जिम्मेदारी रेलवे विभाग की है। विभाग द्वारा इस मार्ग पर बने गडढों की मरम्मत प्रत्येक वर्ष की जाती है,लेकिन गत कई वर्षों से देखा जा रहा है कि मरम्मत के कुछ माह बाद ही मार्ग टूटना शुरू हो जाते है। इन गडढों को भारी वाहनों के अलावा ई रिक्शा जैसे हल्के वाहनों के पलटने का भी खतरा रहता है।दो पहिया वाहन सवार चोटिल हो जाते है। जिससे लम्बा जाम लग जाता है।

# लिंटर डालने के विवाद में पीटकर की गई थी युवक की हत्या

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अभिरक्षा में जाते घेरकर युवक को पीटकर हत्या करने के आरोपियों को पुलिस ने धर दबौच लिया। लिंटर डालने के विवाद में युवक को पीछा कर मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस हत्यारोपियों पर मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर ढाय थाना गुन्नौर निवासी श्रीनिवास पुत्र नत्थू सिंह मकानों की सटरिंग व लैंटर डालने का ठेका लेता है। आरोपी ने इकबाल पुत्र जफरूद्दीन निवासी नई बस्ती थाना गुन्नौर के लेंटर की सटरिंग की गयी सटरिंग व लिंटर का ठेका योगेश व भुवनेश पुत्रगण करूं निवासीगण ग्राम नंगला अजमैरी थाना जुनावई ने लिया था। आरोपियों ने मकान पर लैंटर सही नही डाला। बंटी पुत्र शंकर नि. मौहल्ला कल्लू नंगला थाना बबराला के मकान पर सटरिंग श्रीनिवास अपने अन्य मजदूरो की मदद से बिछाई थी। जबकि मशीन से लैंटर डलवाने के लिए भुवनेश व मृतक योगेश को ठेका दिया था। 18 अगस्त को बंटी पुत्र शंकर मकान पर लैंटर डालने के दौरान श्रीनिवास अपने साथियो के साथ मोटर साइकिलों से वहां आ गया और इकबाल के मकान पर सही लैंटर ना डालने के कारण योगेश व भुवनेश के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगें रात्रि करीब 09.00 बजे योगेश, भुवनेश आदि 12-13 मजदूर उसी ट्रैक्टर से बबराला से गुन्नौर होते हुए जुनावई की तरफ अपने गांव जा रहे थे तभी उक्त लोगो द्वारा मोटर साइकिलो से अपने हाथ में डंडे सरिया आदि लेकर योगेश व भुवनेश आदि का पीछा किया और कस्बा जुनावई में दबथरा तिराहा पर मारपीट की थी। मारपीट के दौरान योगेश के गले में बाई तरफ श्रीनिवास ने सरिया घोंप दी थी और ट्रैक्टर से खीच कर नीचे गिराया था। जबकि श्रीनिवास, सुभाष, गुडडू, राजेश, संतोष, विनोद, जयपाल आदि ने योगेश के साथ डंडो से मारपीट कर घायल किया था। जिससे योगेश पुत्र करूं को सीएचसी जुनावई में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने ईसमपुर तिराहा नरौरा रोड थाना जुनावई से आरोपियों को धर दबौच लिया। जबकि डंडे/लाठी एवं नुकीला सरिया बरामद कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में उमेश सिंह सौलंकी प्रभारी निरीक्षक थाना जुनावई, बलराम सिंह अपराध निरीक्षक, उपनिरीक्षक पंकज बालियान, उ.नि. नदीम थाना जुनावई, उ.नि. संदीप कुमार, उ.नि. संजय कुमार, हे.का. कुलदीप कुमार, अंकित कुमार, मुकुल व रिषभ शामिल रहे।



सम्भल- पीछा कर युवक की पीटकर हत्या करने के पकड़े गए हत्यारोपी।

## दवाइयों के अभाव में खुद बीमार है यूनानी आयर्वेदिक अस्पताल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे का यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय दवाओं के अभाव में स्वयं बीमार चल रहा है। छह माह से दवाएं न होने के कारण मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

गौरतलब है कि यूनानी एवं आर्युवेदिक चित्सिालय नगर पंचायत कार्यालय के एक कमरे में संचालित किया जा रहा है और इससे अच्छी खासी संख्या में मरीज लाभ उठा रहे हैं,लेकिन पिछले छह माह से अस्पताल में दवाओं का न होना बताया जा रहा है, जिस कारण कभी मरीजों से भरा रहने वाले अस्पताल मं अब सन्नाटा पसरा रहता है और नए मरीज आते हैं तब उन्हे बिना दवाई के बैरंग ही लौटना पड़ता है। जबकि अधिकांश रोगी यूनानी पद्वती से ही अपना उपचार कराते हैं। सूत्र बताते हैं कि दवाइयों की कमी अधिकतर यूनानी अस्पतालों में है। उधर चिकित्सालय प्रभारी डा. जीनत इद्रीसी का कहना है कि दवाईयों के सम्बंध में विभाग को लिखा जा चुका है। दवाई आते ही मरीजों को लाभ मिलने लगेगा।

# डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल बबराला ने हासिल किए 63 पदक

**0स्पोर्ट्स क्लस्टर टूर्नामेंट में ओवरऑल रनर-अप एवं एथलेटिक्स रनर-अप का खिताब किया हासिल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर टूर्नामेंट (अंडर-14, 17 एवं 19) का समापन हो गया। प्रतियोगिता में डी ए वी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के होनहार प्रतिभागियों ने बहेतरीन प्रर्दशन कर 63 पदाक अपने नाम किए।

गेल डीएवी पब्लिक स्कूल, दिबियापुर, औरैया के विवेकानंद खेल मैदान हुए द्विदिवसीय इस खेल महाकुंभ में लगभग 300 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, कबढी और शतरंज जैसी स्पर्धाओं में अपना दमखाम दिखाया। प्रतियोगिता में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पहुंचे प्रतिभागियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 63 पदक झटके।



बबराला- स्पोर्टस क्लस्टर टूर्नामेंट में 63 पदक हासिल करके आए डीएवी फर्टिलाइर के बच्चे।

इनमें से 39 स्वर्ण, 22 रजत एवं 2 कांस्य पदकों को अपने नाम किया। जबकि विद्यालय को ओवरऑल रनर-अप तथा एथलेटिक्स रनर-अप ट्राफी दिलाई। खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में वसु वार्ष्णेय ने स्वर्ण, जबकि सुमुख पाण्डेय और दिव्या बिष्ट ने रजत पदक जीते। एथलेटिक्स में अभिषेक कुमार ने लंबी कूद व 100 मीटर में स्वर्ण जीतकर सर्वश्रेष्ठ एथलीट (अंडर-14) का खिताब पाया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में सौम्या यादव सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुनी गईं। निपुण वार्ष्णेय, दक्ष कुमार और आयुष कुमार सहित अनेक खिलाड़ियों ने भी स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना के बल पर यह सफलता अर्जित की है। खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो बच्चों को आत्मविश्वास और नेतृत्व प्रदान करता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन एम. एस. प्रसाद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधाार हैं। हमारे खिलाड़ियों ने विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है तथा भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही सफलता प्राप्त करेंगे।

## क्राप सर्वे के विरोध में बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक में पंचायत सहायक यूनियन ने ब्लॉक सम्भल के बीडीओ प्रेमपाल को सौंपे गए नौ सूत्रीय ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने क्राप सर्वे का बहिष्कार किया है। उनका कहना है कि उनके पास सर्वे के लिए जीपीएस सपोर्टेड स्मार्टफोन नहीं हैं। पंचायत सहायकों का तर्क है कि एपीस्टेक क्राप सर्वे कृषि विभाग का काम है। यह पंचायती राज विभाग के नियमित कार्यों में शामिल नहीं है। वे ग्राम पंचायत सचिवालय के एकमात्र कर्मचारी हैं। फील्ड में जाने से सचिवालय का काम प्रभावित होता है। कर्मचारियों ने उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन की मांग करते हुए प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन के बजाय निश्चित मानदेय और मानसून में खेतों में सर्वे के दौरान जंगली जानवरों और सांपों से सुरक्षा के लिए 10 लाख रुपये का बीमा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की गई

# उत्पाद टेग करने पर थोक विक्रेता व विनिर्माता कम्पनी पर भी होगी एफआईआर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर बैठक में विनिर्माता कंपनियों और थोक विक्रेता को उत्पाद टैग ना करने के निर्देश दिए जबकि ऐसा पाये जाने पर थोक विक्रेता के साथ विनिर्माण कंपनी पर भी एफ. आई. आर. की चेतावनी दी गयी।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्क्षता में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर आहूत बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया 13183 मेट्रिक टन , डी.ए.पी. 5485 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 11614 मेट्रिक टन उपलब्ध है।जबकि विगत वर्ष एक अप्रेल से 16 अगस्त 25 तक 70907 मेट्रिक टन यूरिया विक्रय किया गया।इस वर्ष 74187 मेट्रिक टन बेचा जा चुका है जो गत वर्ष की अपेक्षा 3280 मेट्रिक टन ज्यादा है। जुलाई और अगस्त माह में 18000 मीट्रिक टन यूरिया जनपद को प्राप्त हुआ है जिसमे से 10000 मीट्रिक टन उर्वरक सहकारिता को दिया गया जो सहकारी पाक्स के माध्यम से विक्रय किया गया। उन्होने बताया कि प्रत्येक दिन 900 मीट्रिक टन यूरिया वितरित किया जाता है जो पूर्व में 1200 मीट्रिक टन विक्रय किया जा रहा था इसके अलावा जिले में 4648 मैट्रिक टन डी. ए. पी. का विक्रय किया गया था। जबकि इस वर्ष तक 6012 मेट्रिक टन बेचा जा चुका है जो गत वर्ष की अपेक्षा 1364 मेट्रिक टन ज्यादा है। उन्होने बताया कि उर्वरक विक्रेताओं हेतु निर्देशित किया गया की सभी विक्रेता खतौनी प्राप्त कर ही यूरिया वितरण करे। कृषकों को 1 हेक्टेयर पर 5 बैग तक, 1 एकड़ भूमिधारक को 2 बैग और 1 एकड़ से कम भूमि धारक को 1 बैग देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस माह में 2 दुकानदारों पर एफ. आई. आर. की कार्यवाही की गई है जिनमें एक का उर्वरक नमूना अधोमानक पाया गया है और दूसरा दुकानदार के द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की जा रही थी। मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारी समितियों को नियमानुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देशित करते हुए कहा किकिसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और ना ही पक्षपात पूर्ण वितरण किया जाए अन्यथा एफ. आई. आर. की करवाई की जाएगी। बैठक में बताया कि जनपद में सहकारिता के उर्वरक वितरण में भागीदारी को बढ़ाया गया है इसके लिए सहकारिता इफको का उर्वरक का वितरण तो कर ही रहा है साथ ही निजी क्षेत्र का 50 प्रतिशत उर्वरक भी सहकारिता को दे दिया गया है ताकि सहकारिता पैक्स के माध्यम से उर्वरकों का वितरण करा सके। साथ ही विनिर्माता कंपनियों और थोक विक्रेता को उत्पाद टैग ना करने के निर्देश दिए गए अगर ऐसा पाया जाता है तो थोक विक्रेता के साथ विनिर्माण कंपनी पर भी एफ. आई. आर. की जाने की चेतावनी दी।



सम्भल-खाद की उपलब्धता को लेकर बैठक लते अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-टी बी रोगियों को पोष्ण पोटली देती जायंटस ग्रुप की अध्यक्षा।

### जायंटस ग्रुप ने दी गोद लिए टीबी रोगियों को दी पोषण पोटली

**सम्भल।** समाज सेवा में अग्रणी जायंट्स ग्रुप आफ सम्भल सिटी की ओर से गोद लिए गए टी बी रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर रहन-सहन व खान-पान पर ध्यान देने की जानकारी दी।

जायंटस ग्रुप की अध्यक्ष नीरू चाहल के नेतृत्व में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया की मौजूदगी में 40 टीबी मरीजों को ग्रुप में गोद लिया था। गोद लिए गए टी बी रोगियों को कैल्शियम विटामिन फाइबर दाल दलिया चना आदि चालीस पोटली का वितरण किया गया। इस दौरान टी बी रोगियों को नीरू चाहल ने बताया कि टी बी रोगियों की देखभाल की जिम्मेदारी उठाई है। रोगियों को कैसे साफ सफाई का ध्यान रखना है स्वच्छ सांस लेनी है स्वच्छ वातावरण में रहना है खुद को साफ रखना है एवं खान-पान का विशेष ध्यान रखने आदि की जानकारी दी है। जबकि समय पर दवा का सेवन करने के साथ भीड़भाड़ वाले स्थान पर मास्क लगाकर जाने आदि की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शैली भारद्वाज, रूपाली गुप्ता, नाहिद राज़ा, निदा, क्षमता गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### पेशकार के निधन पर शोक

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की बैठक में अधिवक्ताओं ने गुन्नौर तहसीलदार के पेशकार के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। पेशकार नरेश कुमार पुत्र कुदाल गुन्नौर में किराए पर रह रहे थे। उनको गुन्नौर नेहरू चौराहे के पास अठारह दिन पूर्व अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमे वह घायल हो गये थे। उनका इलाज चल रहा था। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### दीवार तोड़कर मकान पर कब्जे का प्रयास

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम बबैना निवासी पीड़ित लईक के घर की दीवार की नींव यानी डीपीसी को दबंगों ने तोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसने इस तोडफ़ोड़ का विरोध किया, लेकिन दबंगों ने जबरन डीपीसी को गिरा दिया। आरोप है कि आरोपी पहले भी गाँव के एक अन्य व्यक्ति की जमीन पर अवैध कब्जा कर चुके हैं, जहाँ एक पवित्र कुआं था। उस कुएं को भी बंद कर दिया गया, जिस पर पहले हिंदू समाज की महिलाएं पूजा करने आया करती थीं। पीड़ित ने यह सब एक महिला विधायक के संरक्षण में होने का आरोप लगाते हुए पुलिस पर भी केवल देखकर लौट आने लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाये हैं। पीड़ित को डर है कि आरोपी उसके मकान पर भी कब्जा कर लेंगे।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार थे राजीव गांधी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री को जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने याद किया और श्रृद्वा सुमन अर्पित कर श्रृद्वांजलि दी।

चन्दौसी रोड स्थित जिला कार्यायल पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में आधुनिक भारत के शिल्पकार, दूरदर्शी सोच के धनी, संचार क्रांति के जनक, देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के चित्र पर फूल मालायें अर्पित कर श्रृद्वांजलि दी। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के विचारों/नीतियों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि देश में राजीव गांधी ने कंप्यूटर की शुरुआत की थी। जो आज देश में एक कम्प्यूटर के बिना जिंदगी अधूरी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम डा. मरगूब जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष आरिफ तनवीर खान चंदौसी नगर अध्यक्ष साहू संजीव कुमार सिंह कोस्तुभ रस्तोगी डी के वाल्मीकि शफी सैफी अंजार मंसूरी फुरकान कुरैशी सुब्हानी फिरासत खान मोअज्जम हुसैन दाऊद पाशा राशिद हुसैन राहत जान तब्बन खान निसार बाबू भाई नफीस यासीन अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे




सम्भल। पूर्व पीएम राजीव गांधी को जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते।

# निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को देखने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कौशल विकास,आई टी आई एवं पॉलीटेक्निक की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जनपद में आवंटित कौशल प्रशिक्षण लक्ष्य ,पीएमकेवीवाई , पीएम विश्वकर्मा, अप्रेंटिसशिप और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की प्रगति की समीक्षा की गयी।बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम श्री विद्यालय में कौशल विकास के प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि जनपद के निजी आई टी आई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजो की लैब का निरीक्षण करने के साथ एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को विस्तार पूर्वक देखने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करने करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला समन्वयक/प्रधानाचार्य,आई टी आई सम्भल, स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य, आई टी आई चंदौसी, जिला कौशल मिशन प्रबंधक पवन सिंह भदौरिया एवं प्रशिक्षण दाता मौजूद रहे।

## धर पकड़ अभियान में तीन वारंटियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** अपराध रोकने और अपराधियों की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

एसपी के के विशनोइ के निर्देश पर ससी ओ असमोली कुलदीप सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में अपराध रोकने और अपराधियाके व वांन्छितों और वारंटियों की धर पकड़ को अभियान चलाया जा रहा है। अभियानक तहत पुलिस ने सालगराम पुत्र नत्थे निवासी ग्राम मनौटा व अर्जुन पुत्र सालगराम निवासी ग्राम मनौटा और राजू पुत्र मिसरू निवासी ग्राम अखबन्दपुर थाना असमोली को गिरफ्तार किया। हाथ आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी थे।

## विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान, अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अनधिकृत प्लाटिंग एवं निर्माण के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) द्वारा सघन प्रवर्तन अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देशानुसार प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा थाना भोजपुर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण क्रम वाद संख्या विपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवाही मो. युसूफ ग्राम भोजपुर, काशीपुर रोड, थाना भोजपुर लगभग 01 एकड़ अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया। विपक्षी द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के



लगभग 1 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। कार्यवाही: प्रवर्तन दस्ते द्वारा नियमानुसार तत्काल प्रभाव से उक्त अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

## समय दान आज की सबसे बड़ी आवश्यकता: आईपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलारी।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्रीराम मैरिज हाल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य तहसील स्तरीय गायत्री परिवार शाखा बिलारी के कार्यकर्ताओं की गोष्ठी हुई। जिसमें 2026 में परम बंदिनीय माताजी भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आत्म कल्याण ,परिवार कल्याण तथा लो. कमंगल की भावना से प्रेरित होकर देव परिवार की स्थापना के विषय में जिला समन्वय आईपी सिंह ने विस्तार से बताया और कहा कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता समय दान है।

सामाजिक कुरीतियों तथा व्यसन त्यागने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम शिवपुरी अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी शर्मा आदिशक्ति मां



गायत्री के चित्र पर विजयपाल सिंह राघव, महेंद्र सिंह यादव ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वल किया।

श्रीराम मैरिज हॉल में आज अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा बिलारी के कार्यकर्ताओं की गोष्टी लेते हुए जिला समन्वय आईपीसी ने कहा कि आज परिवारों को बचाने के लिए समय की आवश्यकता है। घर परिवार में आध्यात्मिक वातावरण बनाने हेतु गायत्री उपा. सना, साधना तथा यज्ञ का नियमित क्रम बनाए रखने की आवश्यकता है भोजन से पूर्व संक्षिप्त यज्ञ के रूप में वालीवैश्य देव यज्ञ की परंपरा को अपनाने की आवश्यकता है। सोचने व करने से सूक्ष्म जगत का निर्माण होता है।

इसलिए अपने सात्विक विच. ारों से धरती पर रहने वाले व्यक्तियों के मस्तिष्क शुद्ध कर देवता बनाना है। रमेश वर्मा ने कहा कि घर में देव स्थापना एवं नियमित उपासना का क्रम चलना चाहिए। हर घर में युग साहित्य की स्थापना हो। संस्कारित वातावरण की स्थापना के लिए हर घर में परिवार के सदस्यों के जन्मदिन ,विवाह दिवस आदि संस्कार संपन्न करने पर जोर दिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज प्रज्वलित अखंड दीप का शताब्दी वर्ष 2026 में मनाने जा रहा है। उसके उपलक्ष में हर जिले,हर तहसील तथा गांव में अखंड ज्योति शक्ति कलश के पूजन हेतु जिम्मेदारियां सौंप गई। देव परिवार स्थापना के लिए सदस्यता संकल्प पत्रक भरवाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश चंद्र गुप्ता,राम. सिंह यादव, विजयपाल सिंह राघव, महेंद्र सिंह यादव ,सुरेश पाल, रमेश चंद्र, सुखबीर सिंह यादव ,विजय सिंह ,नेत्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, मनोहर सिंह, राजपाल सिंह, मित्र पाल सिंह, खेमपाल सिंह, गुड़िया राघव, पुष्पा देवी, सुमन चौधरी ,नीरज गुप्ता आदि सहित अनेको गायत्री परिजन उपस्थित रहे। शांति पाठ के पश्चात प्रसाद के रूप में सदसाहित्य वितरित किया गया।

## दरगाह हजरत ख्वाजा हाजी अल्लाह बख्श रह. अले. के उर्स पर दिल्ली से आए कव्वालों ने महफिल में बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** पैंठ बाजार रोड नगर की दरगाह हजरत ख्वाजा हाजी अल्लाह बख्श रहमतुल्लाह अलेह दरबार के आस्ताने पर उर्स मुबारक के दूसरे दिन को बाद नमाज ए फजर दरगाह के आस्ताने पर कुरआन ख्वानी और हल्का ए जिक्र बाद नमाज ए जोहर नूरी परचम और चादरपोशी गुलपोशी की गई।

बाद नमाज ए मगरिब लंगर शरीफ का अहतमाम किया गया। बाद नमाज ए ईशा महफिल ए शमा का प्रोग्राम मुनाकिद किया गया। महफिल ए शमा के प्रोग्राम में दिल्ली से तशरीफ लाये कव्वाल वसीम साबरी,सलीम साबरी ,और शब्बू शादाब साबरी कुन्दरकीवी ने



हजरत की शान में बेहतरीन कलाम पढ़कर अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रोग्राम देर रात तक चलता रहा।

महफिल ए शमा के प्रोग्राम में सज्जादानशीन अजमेर शरीफ सैयद आकिल जमाली, मौहम्मद अनवर साबरी, मौहम्मद सलीम साबरी, गुलजार साबरी, सूफी मौहम्मद हाशिम मियां चिश्ती साबरी, मौहम्मद आलम चिश्ती, एम.के. भारती सैफी, आजम साबरी,अंजार सलमानी, मौहम्मद साहिल सैफी, मौहम्मद हसनैन सैफी, आजम साबरी, शकील साबरी, कसीर तादात में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## 13 साल पुराने हत्या के मामले में पर्याप्त साक्ष्य न होने पर आरोपी बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हत्या के मामले में यदि केस लग जाए तो उसका कष्ट पूरा परिवार सहता है लेकिन पूरी घटना में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर अभियुक्त को निर्दोष करार दिया जाता है। हालांकि न्यायालय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न प्रकार के जघन्य अपराधों में कड़ा रुख अपना रही है। वहीं महिला संबंधी मामलों में लगातार सजाएं की जा रही हैं। जनपद मुरादाबाद के न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केस की सुनवाई के मामले में एकल हत्या अभियुक्त पप्पू शर्मा पुत्र उदयवीर शर्मा को फैसले में निर्दोष करार देते हुए उसे 20 अगस्त को निर्णय सुनाकर दोष मुक्त किया है। पूरी घटना थाना हयातनगर संभल की है। मु0अ0सं0 481/2012 का वादी रामरक्ष पाल शर्मा के अनुसार दी गई तहरीर के आधार पर अ0सं0 481/2012 मृतक भगवानदास तहेरे भाई थे। 10.11.2012 भगवानदास लदनपुर में कथा करने गये थे। वापिस आने पर शाम को अपने बाजरे का खेत देखने गये लेकिन वह वापिस नहीं लौटे। 11 नवंबर 2012 को लाश खेत में मिली। किसी ने हत्या कर लाश खेत में डाल दी।

मौके पर कोई चश्मदीद गवाह भी नहीं था, मामला संदेह से परे था। सुनवाई के दौरान गवाह भी मुकर गये, उनका कहना था कि जैसा पुलिस ने बताया वैसा बोल दिया। बचावपक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता मसरूर आलम सैफी ने अभियुक्त की ओर से जिरेह-बहस की और अपना पक्ष रखा। विद्वान न्यायाधीश अरुण कुमार तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0 9 मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त को निर्दोष करार देते हुए हत्या के मामले से बरी कर दिया।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुआ बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सनसिटी गेट के पास आज सुबह 4:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। हल्द्वानी से आ रही यात्री बस एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में बस के ड्राइवर, कंडक्टर और कुछ सवारियों को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### गणेश मेले की तैयारियां जोरों पर, 27 अगस्त को निकलेगी विशाल रथयात्रा

**चन्दौसी।** नगर में उत्तर भारत का प्रसिद्ध गणेश चौथ मेला इस बार भी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। मेला ग्राउंड में दूर-दराज से आए व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें सजाने में जुटे हैं, जिससे बाजार का नजारा रौनक से भर गया है। आयोज. कों ने बताया कि आगामी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणपति बाबा की विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी। इस रथयात्रा की विशेषता यह होगी कि इसमें पारंपरिक झांकियों के साथ-साथ आधुनिक स्वचालित झांकियां भी सम्मिलित की जाएंगी। नगर की गलियों और मुख्य मार्गों से गुजरने वाली इस शोभायात्रा को देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसके साथ ही नगर में 21 दिवसीय गणेश चौथ मेला का भी आयोजन किया जाएगा। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए हवाई झूले, सर्कस, मौत का कुआं तथा अन्य मनो. रंजक खेलों के स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं दूर-दराज से आने वाले व्यापारी श्रृंगार सामग्री, खिलौनों, कपड़ों और खान-पान की दुकानों से मेले को और आकर्षक बनाएंगे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गणेश चौथ मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि नगर की सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करता है। मेले में हर वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। नगर पालिका प्रशासन ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि श्रद्धालुओं और दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हुए हमले की श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन ने की निंदा

**चन्दौसी।** श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन द्वारा बुधवार को बैठक आहूत की गई बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हुए हमले की जितनी निंदा की जाए कम है। भारतीय राजनीति में ये एक काला दिवस है दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी आवास पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनने वाली एक सच्ची जनसेवक पर यह कायराना हमला न केवल लोकतंत्र की मर्यादाओं पर आघात है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की भावना पर भी एक सीधा प्रहार है। हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं और जल्द ही सुरक्षा एजेंसियां इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करेंगी। बैठक प्रभात कृष्णा, मयंक वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, देवेन्द्र मोनू, अमित चौधरी, सन्नी शर्मा, लकी वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### भैंस का कटान करने में दो पर केस दर्ज

**भोजपुर।** बुधवार को पुलिस ने मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी नईम पुत्र हनीफ के घर पर छापेमारी कर 190किलो भैंसवंशीय पशुओं का मांस बरामद किया है।

पुलिस ने मौके से शकील पुत्र शरीफ को मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी, लकड़ी का गुटका, रस्सी,खाल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद कर सील कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि नईम अपने घर में पशुओं को कटवाने के पैसे लेता है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर बरामद मांस को ढेला नदी के किनारे जमीन में दबा दिया।

### बस से टकराकर बाइक सवार दो भाई घायल

**भोजपुर।** बुधवार को मुरादाबाद ठाकुरद्वारा हाइवे पर देशी शराब की दूकान के सामने बस की चपेट में आकर गांव साहपुर निवासी बाइक सवार दो भाई संजय और रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया। घायल रामकिशोर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित हुआ एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए पाँचवे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए "एक्सटेम्पोर: स्पीक टू लीड" विषय पर एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वक्तृत्व कला, आत्मविश्वास, नेतृत्व गुण एवं त्वरित सोचने की क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न समसामयिक, सामाजिक एवं प्रबंधन से जुड़े विषय दिए गए, जिन पर उन्होंने बिना पूर्व तैयारी के अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को न केवल अपनी भाषण कला का प्रदर्शन करने का अवसर




दिया, बल्कि उन्हें मंच पर आत्मविश्वासपूर्वक बोलने की प्रेरणा भी प्रदान की। विद्यार्थियों ने "डिजिटल इंडिया," "लीडरशिप इन 21वीं सेंचुरी," "समय प्रबंधन," "स्टार्टअप संस्कृति," एवं "युवाओं की भूमिका राष्ट्र निर्माण में" जैसे विविध विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। श्रोताओं ने भी वक्ताओं का उत्साहवर्धन किया और पूरे आयोजन का आनंद उठाया। प्रतियोगिता में के अंत में विजेताओं के नाम घोषित किये गये प्रथम स्थान पर शशांक जैन, द्वितीय स्थान पर शिवम कुमार दुबे, तृतीय स्थान पर प्राची गंग. वार रहीं। विजेताओं को सम्मानित कर व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया ताकि वे भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल को निखारने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वक्तृत्व कला न केवल शैक्षणिक जीवन में बल्कि व्यावसायिक जीवन में भी सफलता का आधार बनती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यार्थियों को निरंतर ऐसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने की जनसभा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन की एक विशाल जनसभा मोहल्ला खुर्जा गेट स्थित वाल्मीकि पार्क में संपन्न हुई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी का सफाई कर्मियों का वर्षों से लंबित वेतन दिलाए जाने पर आभार व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिपाल सिंह ने की तथा संचालन आनंद प्रकाश वाल्मीकि ने किया। सभा में जिलाध्यक्ष नंदू वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की अधिकांश समस्याओं का समाधान शीघ्र कर दिया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आउटसोर्सिंग एवं संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की माँग उठाई। वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञानप्रकाश वाल्मीकि ने ठेका कर्मचारियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश दिलाए जाने की माँग रखी। सभा में बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहीं। उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि नंदू वाल्मीकि के नेतृत्व में हर मांग को पूरी ईमानदारी से उठाया जा रहा है और हम संगठन के साथ मजबूती से खड़े हैं। इस अवसर पर शिवनंदन वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, ऋतिक वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, विक्रम वाल्मीकि, बंधन वाल्मीकि, उतिल वाल्मीकि, आशीष कुमार, सर्वेश कुमार, संजीव कुमार, बाबू भाई, प्रताप सिंह, मोनू सिंह, सतीश सिंह, छोटू वाल्मीकि, शांतनु वाल्मीकि, शैलू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## आईएफटीएम में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाए जाने तथा 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' के तहत "भारतीय संविधान" विषय पर एक संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान न केवल हमारे लोकतंत्र की नींव है, बल्कि यह हमें एकजुट रखने वाली अद्वितीय धरोहर भी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ ही उनमें देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। एनएसएस इकाई के समन्वयक व



स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भारतीय नागरिकों के संवैधानिक अधिकारो और, संवैधानिक कर्तव्यों के महत्व को समझाने व लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य रहा। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मिश्र ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। इस दौरान वक्ताओं अन्य ने भी भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके मूलभूत सिद्धांतों और नागरिकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ लॉ के श्री शनि कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों से जोड़ती है। उन्होंने बताया कि संविधान के प्रावधानों को जानकारी प्राप्त करने के साथ ही इन प्रावधानों को अपने जीवन में अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के शैक्षणिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम युवाओं को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। बी.ए द्वितीय वर्ष के छात्र हर्षित बिष्ट ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की सबसे बड़ी धरोहर है, संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कुलों के कई फैकल्टी मैम्बर्स समेत 60 से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। वहीं संगोष्ठी के अगले दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कुलों के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अशोक कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन सचिव दीपक शर्मा समेत डॉ. शिव प्रताप सिंह, विपिन कुमार सिंह, श्रीमती रुचि चौधरी, जुगपाल सिंह एवं लक्ष्य सिंह आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के बैनर तले बुधवार को किसानों ने चन्दौसी तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चन्दौसी को सौंपा और अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने ज्ञापन में कहा कि बनियाठेर से चन्दौसी शाहबाद मार्ग पर स्थित हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क तक फोर लेन सड़क शासन द्वारा प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित फोर लेन में चकमार्क संख्या 501 पर स्थित 05 मीटर चौड़े कच्चे रास्ते को केंद्र बिंदु मानने के बजाय केवल किसानों की तरफ की भूमि अधिग्रहण में ली जा रही है, जबकि प्लेस पार्क स्वामी की भूमि को बचाया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि यह कार्रवाई जानबूझकर पीडब्ल्यूडी द्वारा पार्क मालिक को फायदा पहुंचाने के लिए की जा रही है। किसानों ने मांग की कि कच्चे रास्ते को केंद्र बिंदु मानते हुए दोनों ओर बराबर भूमि अधिग्रहण में ली जाए तथा उन्हें सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा चन्दौसी-शाहाबाद मार्ग स्थित ग्राम असालतपुर जारई में सड़क के दोनों ओर शीघ्र चौड़े नाले का निर्माण कराया जाए, जिससे शहर का गंदा पानी सीधे अरिल नदी तक पहुंच सके। किसानों ने कहा कि नाला न बनने से गांव के अंदर गंदा पानी भर रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आवारा गायों और सांडों को शीघ्र पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए ताकि फसलों और जनहानि की रक्षा हो सके। साथ ही किसानों को फसल बोने के लिए यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो समिति द्वारा बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में राहुल कश्यप, रामपाल सिंह, अमरसिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, ओमवीर सिंह, मुकेश शर्मा, भीकम जाटव, ओंकार सिंह, मोहर सिंह, सीनू जैन, अवधेश कुमार, करण सिंह, शानू शर्मा, देशपाल मौर्य, नासिर खान, भगवानदास, दिनेश, जितेंद्र राघव, सुदेश तोमर आदि किसान मौजूद रहे।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र वंश कश्यप को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए है। भविष्य में वंश कयप के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**वीरेन्द्र कश्यप पुत्र स्व. श्री शांति स्वरूप निवासी लालबाग कहारों का मंदिर थाना नागफनी तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मौ. शाहरूख को उसकी बदफेली की वजह से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल (ऑक) कर समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. शाहरूख के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। जावेद सिद्‌दीकी पुत्र श्री इरशाद अली व श्रीमती शाहीन कमाल पत्नी जावेद सिद्‌दीकी निवासीगण निकट मक्खन शाह की ज्यारत नयां कुंआ किसरौल, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय** श्रीमान अपर नगर मजिस्ट्रेट महोदय प्रथम, जनपद मुरादाबाद।
**वाद सं.:** टी-202413540109010
**तारीख पेशी:** 22.08.2025
**धारा:**116 उ.प्र.राजस्व संहिता 2006
ग्राम भदासना तह. व जिला मुरादाबाद।
मदनपाल सिंह आदि **बनाम** चमन सिंह
**बनाम**

जितेन्द्र उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. सोमपाल सिंह निवासी ग्राम भदासना तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **( वास्ते विभाजन हेतु )** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 22 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 19 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**सहा० कलेक्टर ( प्रथम श्रेणी )/ अपर नगर मजिस्ट्रेट-प्रथम**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय** श्रीमान सिविल जज (सी. डि.)/एफ.टी.सी., जिला मुरादाबाद।
**विविध वाद संख्या:** 352/2024
**संबंधित मूलवाद सं.:** 370/2020
**तारीख पेशी:** 09.09.2025
**नन्हू बनाम बलवन्त सिंह आदि।**
**बनाम**

1. बलवन्त सिंह पुत्र श्री मेवाराम निवासी ग्राम सेरूआ धर्मपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. मैसर्स सनइका डेवलैपर्स 226 लाजपतनगर मुरादाबाद द्वारा पार्टनर ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र स्व. राजाराम निवासी 226 लाजपत नगर मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि न्यायालय सिविल जज (सी. डि.)/एफ.टी.सी. महोदय, मुरादाबाद अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 09 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 19 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ) एफ०टी०सी०**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ), जनपद मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 62/2025
**तारीख पेशी:** 11.09.2025

जाकिर हुसैन आयु लगभग 54 वर्ष पुत्र श्री सादिक हुसैन निवासी हाल मकान नं. बी-641 लाजपत नगर, थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**

घनश्याम आयु लगभग 68 वर्ष पुत्र स्व. प्रानसुख मूल निवासी सराय किशन लाल, निकट इन्द्रा चौक पुलिस चौकी, थाना मुगलपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद हाल निवासी डी ब्लाक ट्रिपल स्टोरी काशीराम नगर, थाना मझोला, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि 6 ग प्रार्थना पत्र हेतु अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 20 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० )**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने, जबरन शादी कराने और दहेज उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि ग्राम लालपुर थाना कुंडा निवासी सचिन कुमार से उसकी पहचान टाइप सेंटर पर हुई। धीरे-धीरे सचिन ने मोबा. इल पर नजदीकी बढ़ाकर शादी का भरोसा दिया। बाद में काशीपुर ले जाकर रेस्टोरेंट में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद भी वह कई बार शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा और वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। आरोप है कि दबाव में सचिन ने शिव दुर्गा मंदिर ठाकुरद्वारा में शादी की और आठ अप्रैल को रजिस्ट्री कराकर युवती को घर ले गया। वहां भी सचिन और उसके परिजनों ने उसे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी। पीड़िता का कहना है कि सचिन के बाहर होने पर उसका बहनोई ने भी दुष्कर्म किया।

18 अप्रैल को पति ने करछली से उसका हाथ जला दिया और आरोप है कि ससुर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर पति, पिता व बहन ने दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीड़िता ने बताया कि गांव में पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपियों ने कोई बात नहीं मानी। पीड़िता ने कोतवाली कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# प्रदेश के जिला शासकीय अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

**मुरादाबाद।** प्रदेश के जिला शासकीय अधिवक्ताओं की समस्याओ और उनके निराकरण के लिए एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से व बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चौयरमेन शिव किशोर गोड के साथ मिला। मुख्यमंत्री को प्रदेश में जिला स्तरीय समस्याओ से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने धैर्य पूर्वक सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।इस प्रतिनिधिमंडल में जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी अजय कुमार गुप्ता मुरादाबाद,पराग गोंड बुलंदशहर, गोपाल स्वरुप ओमर कानपुर,विनय कुमार सिंह बलिया और शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रदीप कुमार पांडेय कानपुर रहें।मुख्य मांगों में वर्ष २०१६ से मानदेय में वृद्धि नहीं हुई है



उसको बढ़ाने,एल आर मैनुअल में आयु सीमा पैसेठ वर्ष थी जिसको तत्कालीन सरकारों ने साठ वर्ष कर दी उसको पुन: पैसेठ वर्ष करने की मांग रही।

इसके अतिरिक्त दीवानी न्यायालयों में शासकीय अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ाने आदि की रही।शासकीय अधिवक्ताओं ने चैयरमेन बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश का आभार व्यक्त किया उनका अनुरोध स्वीकार कर बहुत कम समय में मुख्यमंत्री से भेट करायी।

## एक नजर

### भोजपुर में सैलून का हुआ उद्घाटन



**भोजपुर।** नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में तारा बिल्डिंग के पास एक सैलून का उद्घाटन प्रभारी अतीक अहमद ने किया है। बुधवार को अंजार न्यूस्टाइलिस हेयर कटिंग सैलून का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन कांग्रेस के प्रभारी अतीक अहमद द्वारा किया गया। सैलून उद्घाटन के मौके पर बताया कि भोजपुर जैसे बड़े नगर में इस तरह के सैलून दुकान खुलने से विकास झलकता है। यहां के युवकों को न्यू स्टाइलिश हेयर कटिंग करने मे आसानी होगी। मौके पर सैलून ऑनर अंजार अली, रकी अंसारी, नईम चौधरी, इरफान ठेकेदार, फहीम, फुरकान, अनस व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी में बनी नई एल्डर कमेटी



**चन्दौसी।** बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी द्वारा बैठक आहूत की गई जिसमें एल्डर कमेटी के गठन के संबंध में सभी अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व एल्डर कमेटी जिसमें कुछ सदस्य अस्वस्थ होने के कारण व कुछ सदस्यों के निष्क्रमता के कारण चुनाव कराने में सक्षम नहीं है। इसलिए एल्डर कमेटी का गठन किया जाना चाहिये, सदन में सर्वसम्मति के आधार पर अध्यक्ष द्वारा नई एल्डर कमेटी की घोषणा की गई। नई एल्डर कमेटी में ओमप्रकाश सिंह राणा एड., कविन्द्र कुमार सिंह एड., महेशचंद्र वार्ष्णेय एड. सदस्य रहेंगे तथा ओमप्रकाश सिंह राणा एड. एल्डर कमेटी के चेयरमैन होंगे तथा सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि 21 अगस्त 2025 प्रात: 11 बजे से सदस्यता अभियान संतोष कुमार सैनी एड. के द्वारा प्रारंभ की जायेगी। सदस्यता शुल्क 50 रु0 निर्धारित किया गया है। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेशपाल सिंह यादव, सचिव अरविन्द कुमार गुप्ता, दिनेश यादव एड., राजेन्द्र सिंह एड0, उमेश संह एड., छत्रपाल सिंह यादव एड., मोनेन्द्र कुमार शर्मा एड0, अलीशेर खां एड., महिपाल यादव एड., गिरिराज किशोर एड0, शाकिर अली एड., प्रदीप यादव एड., संजीव शर्मा एड. आदि मौजूद रहे।

### नगर के मुख्य चौराहे पुलिस सुरक्षा से सुने, अव्यवस्था पर उठे रहे सवाल

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मुख्य चौराहों पर पुलिस की अनुपस्थिति को लेकर लोगों में रोष गहराता जा रहा है। सामान्य दिनों में जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहते थे, वहीं बीते कुछ दिनों से नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मी दिखाई नही दे रहे है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर स्कूली वाहन, ई-रिक्शा और अन्य गाड़ियां बिना रोक-टोक नियम तोड़ते हुए सड़कों पर दौड़ रही हैं। इससे आए दिन बाजार गंज, पुराना बस स्टैंड, व मुख्य चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को घंटों तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस की अनुपस्थिति से असामाजिक तत्वों के हौसले भी बुलंद हो गए हैं। नगरवा. सियों ने प्रशासन व पुलिस विभाग से मांग की है कि नगर के मुख्य चौराहों पर नियमित पुलिस तैनाती की जाए। साथ ही गश्त बढ़ाकर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को जाम व हुड़दंगियों से राहत मिल सके और नगर की व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

# खुली बैठक के स्थान को लेकर दो गुटों की तनातनी के चलते राशन डीलर का नहीं हो सका चयन, बैठक निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** राशन डिलर के चयन के लिए एस डी एम प्रीती सिह के निर्देश पर मंगल वार को ग्राम पंचायत मलपुरा लक्ष्मीपुर मे राशन डीलर की खुली बैठक क राने के लिए अधिकारी ग्राम पंचायत के मजरा मलपुरा शरणार्थी में निर्धारित समय पर पहुंच गए। वहां पर पहले से डीलर के चुनाव को लेकर ग्राम प्रधान पति गुट व दूसरा गुट आमने-सामने आ गए। महफूज चौधरी के गुटके लोगों ने कहा कि सभी प्रस्ताव मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित पंचायत भवन में किए जाते हैं । इस बार जान बूझ कर प्रधान द्वारा दूसरे ग्राम पंचायत के मौजा राजपूतो वाला मल्हपुरा में खुली बैठक राखी गई है । वह यहां पर चुनाव नहीं होने देंगे । इसी के चलते दोनों पक्षों में तनातनी देखी गयी । प्रधान पति गुटका कहना था कि ग्राम पंचायत में ग्राम



रमनवला व मलपुरा में मलपुरा शरणार्थी मजरा भी शामिल है। रमनावाला की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है। माजरा गांव स्थित स्कूल में खुली बैठक इसलिए रखी गई थी कि रमना वाला गांव के लोगों को दूरी कम पड़े। लेकिन महफूज गुटके लोगों ने इसका विरोध किया । उनका कहना था की खुली बैठक होगी तो अपने निर्धारित स्थान पर ही होगी जिसको लेकर कई बार दोनों अच्छा आमने-सामने आ गए । पुलिस प्रशासन में अधिकारियों ने लोगों को समझा बूझाकर शान्त किया। बुधवार को राशन डीलर का चुनाव कराने के लिए युवा कल्याण अधिकारी नवीन चौहान , ग्राम सचिव धर्मवीर सिंह मैं तहसीलदार आदित्यकुमार , वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, व उपनिरीक्षक जितेंद्र मीणा ,उपनिरीक्षक आरती अरोड़ा, भारी पुलिस बल के साथ राशन डीलर का चुनाव कराने पहुंचे। वहां पर भीड़ को एकत्र देख सभी अधिकारी हैरत में पड़ गए। दोनों गुटों के लोग अलग-अलग खेमो मे बैठे थे । युवा कल्याण अधिकारी नवीन चौहान ने राशन डीलर के प्रस्तावों की मांग की।

जिन लोगों को राशन डीलर लेना है वह अपने आवेदन करें । जिस पर महफूज चौधरी के गुटके समर्थकों का कहना था कि जहां पहले से चुनाव में प्रस्ताव होते आ रहे हैं यह प्रस्ताव वहीं पर होने हैं । वह यहां पर चुनाव कराने के पक्ष में नहीं है जिस पर दूसरे गुट के लोग निर्धारित किए गए स्थान पर ही चुनाव करने की जिद पर । घन्टो चली वहस के बाद अधिकारियों ने कहा कि एजेंड में जिस स्थान का चयन हुआ है चुनाव वहीं पर होगा लेकिन दोनों गुटआमने-सामने आ गए वाद मे अधिकारियों ने बैठक को निरस्त कर दिया । एक पक्ष ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में पंचायत भवन में ही चुनाव कराए जाने की मांग की है । युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि चुनाव के लिए दूसरी तिथि निर्धारित की जाएगी। जब तक चुनाव प्रक्रिया का स्थान तय नहीं होता तब तक बैठक नहीं कराई जाएगी। ग्राम प्रधान पति रिफाकत चौधरी ने बताया कि आजादी से लेकर आज तक ग्राम पंचायत मजरा के लोग लगातार हमारे यहां आते हैं।

### उपस्थिति के लिए समन आदेश 5 नियम 1 और 5
### न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0), मुजफ्फरनगर

रामचन्द्र **बनाम** श्री आशारानी आदि

प्रकीर्ण वाद सं0 164 सन 2019 (मूलवाद सं0 107 सन 2024)

1- श्रीमति मुनेश पत्नी श्री रोहिताश निवासी ग्राम गंगसोना, तहसील मवाना जिला मेरठ, 2-श्रीमति ऊषा देवी पत्नी श्री मदनपाल सिंह निवासी मौहल्ला शरफपुरा, कस्बा मीरापुर, परगना भूम्मा सम्भलहेडा, तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

**...प्रार्थीयागण/प्रतिवादी नं 4 व 5**

**बनाम**

सतीश सुखेजा पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र निवासी आदर्श नगर, ईदगाह के सामने वाली गली, जिला मुरादाबाद।

**........ विपक्षी 1/1**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थीयागण ने आपके विरूद्ध हुक्म इम्तनाई दवामी के लिए न्यायालय में वाद योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात उपस्थित होने के लिए दिनांक 09 माह सितम्बर 2025 को दिन में 10.30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गई है वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है इसलिए आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 20 माह अगस्त सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम / न्यायाधीश**
**सिविलि जज सी0डी0**
**मुजफ्फरनगर।**

### आला हजरत फाजिले बरेलवी का 107वां कुल शरीफ मनाया



**कुन्दरकी।** नगर की मस्जिद ए आला हजरत में इमामे अहले सुन्नत आला हजरत फाजिले बरेलवी के 107 वें कुल शरीफ के मौके पर कुल शरीफ मनाया गया महफिल का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से मोलाना आसिफ रजा सुब्हानी ने किया मुब्लिलगे दावते इस्लामी इन्डिया गुलाम नबी अत्तारी ने आला हजरत की शान में कलाम पेश करते हुए कहा तूने बातिल को मिटाया ए इमाम अहमद रजा दीन का डंका बजाया ए इमाम अहमद रजा इसके बाद मुफ्ती मुहम्मद राशिद अफाकी ने आला हजरत की सीरत बयान की और लोगों से आला हजरत फाजिले बरेलवी की सीरत पर अमल करने पर जोर दिया आखिर में दो बजकर अड़तीस मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई और लगंरे रजवीया तकसीम हुआ इस मौके पर मुफ्ती साजिद रजा अनीसी मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी मौलाना अरकान असजदी गुड्डू फरीदी अनस खां असलम खां आदि मौजूद रहे।

### हाजी सूफी अल्लाह बख्श रह. अलेह का तीन रोजा उर्स संपन्न

**कुन्दरकी।** नगर में स्थित पैंठ बाजार रोड स्थित दरगाह हाजी शुफी अल्लाह बखघ्श रहमतुल्लाह अलेह सरकार के 63 वें उर्स मुबारक पर कुल शरीफ की रस्म के साथ पिछले तीन दिनों से चले आ रहे उर्स मुबारक का समापन दुआ के साथ हुआ। मुल्क और कौम की सलामती की दुआ दरगाह के सज्जादानशीन मौहम्मद हाशिम मियां चिश्ती साबरी ने की । कुल शरीफ के दौरान भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

### बिना बताए पेड़ काटने की जानकारी ली, तो मारपीट और जान से मारने की मिली धमकी

**कांठ।** उमरी कला के मोहल्ला पछियान निवासी अरशद पुत्र साबिर कश्मीर में रहकर काम करता है यहां उसकी लगभग तीन बीघा कृषि भूमि है जिस पर उसके यूके लिप्टिस, आम व सीरस के पेड़ लगे हुए थे आरोप है कि उसके पड़ोसी जहीरूद्दीन पुत्र अल्लाह दिया ने अपने पुत्रों जिया बिलाल अबूजर कैफ के साथ 16 पेड़ यूके लिप्टिस व एक पेड़ सिरस का ठेकेदार के साथ मिलकर कटवा दिया। इसकी जानकारी हुई तो पीड़ित कश्मीर से उमरी कला आ गया और उसने उपरोक्त लोगों से इस बात के लिए नाराजगी जाहिर की आरोप है कि उक्त लोग झगड़ा पर आमादा हो गए गली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए झूठे मुकदमे में फसाने की बात कहने लगे। अरशद डर गया और सीधा थाने पहुंचा उसने थाने जाकर इन लोगों से जानमाल के नुकसान की आशंका जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### दिल्ली की सीएम पर हमले की व्यापारियों ने की घोर निंदा



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की एक आपात बैठक दीवान का बाजार स्थित कैंप कार्यालय पर अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में आहूत की गई।इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर जनता दरबार में सुनवाई के बीच में हुए कायराना हमले की निंदा की गई।प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने भारत सरकार से इस कृत्य की उच्च स्तर पर जांच कर अपराधी और उसके आकाओं को बेनकाब करके सजा दिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ये सब पूर्व एक एक राजनीतिक षड्यंत्र है। जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि इस घटना से सारे व्यापारी समाज और समस्त प्रदेश वासियों में रोष व्याप्त है बैठक मे सुनील अग्रवाल,सैयद अनवर, विशाल अग्रवाल,आदेश गुप्ता,सुप्रीत खन्ना,शिवम अग्रवाल,आशुतोष गुप्ता,आयुष अग्रवाल,अर्पित अगवाल, मनीष अग्रवाल,पुनीत रस्तोगी,पंकज शर्मा,शुभम यादव,राजेंद्र गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्व0 राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि और वितरिण किए सेनेटरी पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती महिला कांग्रेस कमेटी व नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जहेरा बी के नेतृत्व में अब्दुल्लापुर लेदा में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित कर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी



ने देश की राजनीति में नई दिशा दी। उन्होंने पंचायती राज लागू कर महिलाओं को राजनीति में सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज हर ग्राम पंचायत और स्थानीय निकाय में महिला आरक्षण उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद, शबाना, नाजमा, सरिता, विनीता समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर और फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारीयो ने महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम सहित बड़ी संख्या में रक्तदान सहित अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया।इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तकनीकी क्रांति पंचायती राज सशक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं।आयोजित रक्तदान शिविर में महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम सहित युवाओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र किया गया। तथा मरीजों, राहगीरों को फल वितरण किए गए।रक्त शिविर मे हाजी जुनैद इकराम, मौ. शादान, निदा एडवोकेट, फिरोज खान, अफसर खान, समीर खान, कफील उर रहमान, प्रमोद कौशिक, अफाक,जावेद नवी, मुशाहिद चौधरी, सरदार जगजीत सिंह आदि लोगो ने रक्तदान किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ।** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में आज विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुरादाबाद जनपद के 6 शिशु मंदिर और रामपुर जिले के पांच शिशु मंदिरों के भैया बहनों ने विभिन्न प्रकार के खेलकूद में प्रति भाग किया इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर अनुज अग्रवाल कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ ओमराज सिंह बिश्नोई व्यवस्थापक प्रेम कुमार भार्गव सह व्यवस्थापक अभय कुमार बिश्नोई मधु चौहान भोपाल सिंह मोहन बिश्नोई पारुल चौहान एवं अन्य महान विभूतियों ने प्रतिभागी भैया बहनों को सम्मानित किया। सहयोग विद्यालय के समस्त स्टाफ का रहा। प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने सभी भैया बहनों और अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

### नगर में बुलेट साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज लोगों में आक्रोश, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में बुलेट मोटरसाइकिलों के संशोधित साइलेंसर से निकलने वाली तेज धमाकेदार आवाज अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है। आए दिन मुख्य मार्गों और कॉलोनियों में बुलेट सवार युवक साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालकर न केवल कानून व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं बल्कि आम जनता के लिए दहशत और असुविधा का कारण भी बन रहे हैं।रात्रि के समय अचानक होने वाले इन धमाकों से बुजुर्ग और बच्चे सहम जाते हैं। राहगीरों का कहना है कि कई बार तेज धमाक. दार आवाज सुनकर लोगों को लगता है मानो आसपास कहीं विस्फोट हो गया हो। इस कारण महिलाओं और स्कूली बच्चों में डर का माहौल बन जाता है।स्थानीय व्यापारियों ने भी शिकायत की कि बुलेट सवार युवक बाजारों में रफ्तार पकड़कर तेज आवाज निकालते हैं, जिससे दुकानदार और ग्राहकों को असुविधा होती है। कई बार लोग चौंककर सड़क पर इधर-उधर हो जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे बुलेट सवारों पर सख्त कार्रवाई की जाए और संशोधित साइलेंसरों पर तुरंत रोक लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्यवाही नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। पुलिस सूत्रों का कहना है कि नगर में लगातार गश्त बढ़ाई जा रही है और जो भी युवक बुलेट मोटरसाइकिल में अवैध साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ चालान और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आईएफटीएम में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से विश्व मच्छर दिवस'' के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल आफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. एस.डी. शर्मा, डॉ. वी. पी. पांडे एवं जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता ज्योति द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मच्छर हमारे जीवन का एक सामान्य हिस्सा बन चुका है। यह गंदे पानी, कूड़े-कचरे और नमी वाली जगहों पर पनपता है तथा मच्छरों के काटने से कई गंभीर बीमारियाँ फैलती हैं, इस कारण मच्छरों से सुरक्षा हेतु हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. सिंह ने बताया कि दूषित वातावरण और सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग मच्छर जनित बीमा. रियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खुले कुएँ, रुका हुआ पानी, जाम नालियाँ और गंदगी मच्छरों के प्रजनन का प्रमुख कारण हैं। इस मौके पर सह संयोजिका व जंतुविज्ञान विभाग की डॉ. अंशुल श्रीवास्तव ने मच्छर जनित रोगों के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जीका वायरस जैसी बीमारियाँ विशेषकर वर्षा ऋतु में अधिक फैलती हैं, क्योंकि इस ऋतु में वातावरण नम रहता है और जगह-जगह पानी भर जाता है, इसलिए विशेष रूप से इस दौरान मच्छरों के प्रति जागरूकता और रोकथाम के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने मच्छर जनित बीमारियों पर एक नाट्य प्रस्तुति भी दी, जिसमें साफ-सफाई की अनदेखी और पानी के ठहराव को बीमारी का कारण बताया गया। हास्य, नारों और संवादों के माध्यम से विद्यार्थियों ने मच्छरदानी का प्रयोग, पूरे कपड़े पहनना और स्वच्छता बनाए रखने जैसे उपायों पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव व जंतुविज्ञान विभाग की मिस संध्या शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह संयोजक डॉ. अंशुल श्रीवास्तव समेत डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. सूर्य प्रकाश पांडे एवं डॉ. प्रशंसा बच्छवान आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 50 से अधिक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र लव कुश कुमार व उसकी पत्नी प्रीति रानी से उनके अमर्यादित आचरण के कारण इन दोनों से अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर इन दोनों को अपनी समस्त चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **पग्गू सिंह पुत्र हरनाम सिंह व फूल वती पत्नी पग्गू सिंह निवासीगण ग्राम हीरापुर गोकल परगना व थाना-अफजलगढ़ तहसील धामपुर ( बिजनौर )।**

### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मदन लाल सिंह द्वारा संस्था शिव मंदिर दुर्गा सेवा समिति, ग्राम गोट पोस्ट कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. सुनील कुमार चौहान- अध्यक्ष, 2. हरिराज सिंह- उपाध्यक्ष, 3. मदन लाल सिंह- प्रबन्धक, 4. सुरेन्द्र पाल सिंह- सचिव, 5. देवेन्द्र सिंह- कोषाध्यक्ष, 6. राजवीर सिंह, 7. धर्म वीर सिंह, 8. नीतू सिंह, 9. विजय, 10. संजीव कुमार, 11. दिनेश पाल सिंह- सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक

# रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

## वनडे बैटर्स रैंकिंग

### पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल टॉप पर कायम



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप के लिए उपकप्तान नियुक्त किए जाने से यह तो तय हो गया है कि इस बल्लेबाज ने ऊंची छलांग लगाई है।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के समय चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर से पूछा गया कि क्या शुभमन गिल की सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में ताजपोशी शुरू हो चुकी है, प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर के साथ सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में यह सवाल थोड़ा अजीब लग रहा था, लेकिन फिर यही हकीकत लगती है, या यूं कहें कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य। भारतीय क्रिकेट में गिल युग की अच्छी और सही शुरुआत हो गई है, भले ही वह वर्तमान में केवल ट्वेंटी-20 प्रारूप में ही उप-कप्तान हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हमें उनमें नेतृत्व के गुण नजर आते हैं, और इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन वैसा ही रहा जैसी हमें उम्मीद थी। उन्होंने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर दिया। एक कप्तान के तौर पर जब आप पर इतना दबाव होता है, तब उन्होंने अपने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह एक बेहतरीन संकेत है। गिल ने आखिरी बार एक साल से भी ज्यादा समय पहले (जुलाई 2024 में श्रीलंका में) टी-20 मैच खेला था, और मंगलवार (19 अगस्त) को चयन बैठक से कुछ घंटे पहले तक ऐसा लग रहा था कि वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। फिर भी, वह टीम के उप-कप्तान हैं, सूर्यकुमार के बाद टीम के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं जो अहम फैसले लेगा। अब यह तय लग रहा है कि गिल शीर्ष क्रम पर-पहले, दूसरे या तीसरे नंबर पर-बल्लेबाजी करेंगे, जिससे संजू सैमसन (अभिषेक शर्मा के साथ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज) और तिलक वर्मा (तीसरे नंबर पर बल्लेबाज) की जगह खतरे में पड़ जाएगी। अगरकर ने संकेत तो दिए, लेकिन यह पुष्टि नहीं की कि टेस्ट कप्तान, जो आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग करते हैं, एशिया कप में भी ऐसा ही करेंगे या नहीं। चयन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि संजू इसलिए खेल रहे थे क्योंकि शुभमन और यशस्वी उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह (गिल) पिछली बार टी-20 क्रिकेट खेलते समय उप-कप्तान थे। अब जब वह उपलब्ध हैं, तो बल्लेबाजी क्रम चुनना उनका सिरदर्द है। 15 खिलाड़ियों को चुनना हमारा सिरदर्द है। हमारे पास काफी गहराई है। अगरकर ने आगे स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अछूते हैं। अभिषेक के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बाहर रखना मुश्किल है। आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 650 रन बनाने वाले गिल के शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की पूरी संभावना है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया।

# केशव महाराज वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिर बने नंबर-1

● **महाराज केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे केशव महाराज पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर से नंबर एक गें. दबाज बन गए है। महाराज मंगलवार को केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद एक बार फिर से शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। बाए हाथ के स्पिन गेंदबाज महाराज ने दो स्थान की छलांग लगाकर श्रीलंकाई स्पिनर महेश दीक्षाना (दूसरे) और भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव (तीसरे) को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज ने पहली बार नवंबर 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के हालिया संस्करण के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़ते हुए नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग हासिल की थी। तब से वह स्पिनर रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थानों में अपनी जगह बनाए हुए है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में सीरीज के दौरान 10 विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर जगह बनाई है, जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद तीन मैचों की सीरीज के दो मेचों में तीन विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी एडन मारक्रम (चार स्थान ऊपर 21) और टेम्बा बावुमा (पांच स्थान ऊपर 23) दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही श्रृंखला के शुरुआती मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद एकदिवसीय बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जैनिक सिनर ने यूएस ओपन मिश्रित युगल से नाम वापस लिया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर बीमारी का हवाला देते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल मैच से रिटायर होने के बाद यूएस ओपन मिश्रित युगल से अपना नाम वापस ले लिया है। यूएस ओपन 2025 ने मंगलवार को पुष्टि की कि जैनिक सिनर ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ अपने निर्धारित मिश्रित युगल के पहले दौर से नाम वापस ले लिया है। सिनर और सिनियाकोवा की जोड़ी को लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में बेलिंडा बेनसिक व ज्वेरेव की मिश्रित युगल जोड़ी से मुकाबला करना था लेकिन सिनर के इस टूर्नामेंट से हटने के बाद अब उनकी जगह वैकल्पिक टीम में डेनियल कॉलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को जगह दी गई है।

### टाटा मुंबई मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण अब शुरू

**मुंबई, वार्ता।** अपने 20वें संस्करण की ऐतिहासिक सफलता के बाद, एशिया की सबसे प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन, देश को एकजुट करने वाली अजेय 'मुंबई स्पिरिट' का जश्न मनाने के लिए नए जोश के साथ लौट रही है।

प्रवर्तक प्रोकैम इंटरनेशनल ने घोषणा की है कि 21वें संस्करण के लिए पंजीकरण आज, बुधवार, 20 अगस्त 2025 को शुरू हो गए हैं। 389,524 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, रविवार, 18 जनवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होगी। टाटा मुंबई मैराथन सिर्फ एक दौड़ से कहीं ज्यादा, भारत का सबसे बड़ा सहभागी खेल मंच है,जहां हर क्षेत्र के लोग अपनी सीमाओं को पार करने, नई शुरुआत करने और एकजुट होकर दौड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

# हीरो एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा। एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा। इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे।

डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रो. हिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे।

# सौरभ-सुरुचि ने मिश्रित टीम में जीता ब्रॉन्ज

## एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

● **भारत के सौरभ और सुरुचि की जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हरा कर यह उपलब्धि हासिल की**

**श्यामकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।




क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पां. चवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमशः 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई। मनु ने सुरुचि सिंह और पलक गुलिया के साथ मिलकर टीम इवेंट में भी भारत को ब्रॉन्ज दिलाया। 17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फार्म में हैं।

उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और सिंएह सियांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबा. जी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

# इंग्लैंड श्रीलंका के साथ सीमित ओवर मुकाबले में भिड़ेगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा। इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे। मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

● **एडम जम्पा को खिलाड़ियों और सहयोग स्टाफ के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया गया**



**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग' से संबंधित है। इसके अलावा, जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इललगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

## ● खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव

# शीर्ष राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट करेंगे प्रतिस्पर्धा

● **देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**श्रीनगर, वार्ता।** देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट यहां प्रतिष्ठित डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

तीन दिवसीय इस आयोजन में 400 से अधिक एथलीट नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 पहली समेकित ओपन-एज श्रेणी चैंपियनशिप होगी, जिसमें सभी 14 कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाएँ और 10 नौकायन स्पर्धाएं ओलंपिक स्पर्धाएं होंगी। जल खेलों के रोमांच को और बढ़ाने के लिए, तीन प्रदर्शनी स्पर्धाएं होंगी - वाटर स्कीइंग, शिखर बोट स्प्रिंग और ड्रैगन बोट रेस। केआईडब्ल्यूएसएफ में 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे। इनमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के एथलीटों पर सबकी निगाहें होंगी। प्रतियोगिता प्रबंधक, पूर्व विश्व कप विजेता कैनोइस्ट और ओलंपिक जज, बिलकिस मीर ने कहा कि चूँकि सर्विसेज इन खेलों में एक टीम के रूप में हिस्सा नहीं लेगी, इसलिए यह देखना अच्छा होगा कि राज्य कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं और कैसा प्रदर्शन करते हैं।

कोर्स को सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और हम पूरी तरह तैयार हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, खेलो इंडिया कैलेंडर में एक नया आयोजन है। 2025 में, दो नए कार्यक्रम जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया बीच गेम्स मई में दीव में हुए थे। खेलो भारत नीति के अनुसार, वाटर गेम्स और बीच गेम्स दोनों का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और पर्यटन को आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश की वाटर स्पोर्ट्स एथलीट सुहानी मीना, जो नौकायन में भाग लेंगी, ने कहा कि वह कश्मीर आकर बहुत खुश हैं।

उन्होंने कहा कि यह जल-क्रीड़ा एथलीटों के लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि हमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने के लिए साल भर में बहुत कम अवसर मिलते हैं। अब खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 हमें उत्कृष्टता हासिल करने का मौका देगा। कयाकिंग और कैनोइंग के लिए, पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नवंबर में टिहरी (उत्तराखंड) में आयोजित की गई थीं, जिन्हें क्वालीफायर के रूप में वर्गीकृत किया गया था। एकल और युगल में शीर्ष 15 और शीर्ष आठ चार खिलाड़ी केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे। नौकायन में, इस वर्ष मार्च में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेंगे।

इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भी तड़का होगा। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सेना के नौकायन खिलाड़ी अर्जुन लाल जाट मुख्य आकर्षणों में से एक होंगे। 28 वर्षीय जाट ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया है और हांगझाऊ में 2022 एशियाई खेलों में लाइट-वेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता है। जाट ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया इवेंट है और मैं पुरुषों की सिंगल स्कल्स स्पर्धा में भाग लूंगा। मुझे उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# चौथा कैप्टेंस कप: अनबू कॉम्बैट क्लब बना चैंपियन

● **भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया है, हर दिन लगभग 7 फाइटर्स खेल रहे**

**कोलकाता, वार्ता।** माइक्स मार्शल आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित चौथी कैप्टेंस कप मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप कोलकाता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता (15 से 18 अगस्त) देशभर से आए फाइटर्स, डोजो और मार्शल आर्ट्स प्रेमियों को एक मंच पर लेकर आई, जिसने मुकाबले के जज्बे और अनुशासन की असली भावना को दर्शाया। चैंपियनशिप में काटा (फॉर्म्स), फुल कॉन्टैक्ट कराटे, किकबॉलक्सग, और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु/ग्रैपलिंग जैसी विधाओं को शामिल किया गया, जिससे यह भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया। हर दिन लगभग 60 फाइटर्स ने 80 से अधिक कैटेगरीज में मुकाबला किया। कुल मिलाकर 14 डोजो-केरल, महाराष्ट्र, असम और पश्चिम बंगाल से-इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो कुल प्रतिभागियों का 39प्रतिशत थी, यह संकेत है कि कॉम्बैट स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रहीं ऋषिका बनर्जी, जो वर्तमान में यूथ यूरोपियन ओपन फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियन हैं, और स्नेहा सामंता, जो आगामी कराटे वर्ल्ड कप (जापान, नवंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# वापसी के लिए तैयार हैं उमरान मलिक

**उमरान तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार है**




**चेन्नई, वार्ता।** चोट और बीमारी के कारण 2024-25 का घरेलू सीजन और आईपीएल 2025 छूटने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक, तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार हैं। 25 साल के मलिक बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में नहीं खेल रहे हैं, जो 18 अगस्त को चेन्नई में शुरू हुआ। लेकिन वह दूसरे राउंड में जम्मू कश्मीर की ओर से बड़ौदा के खिलाफ 22 अगस्त से खेलेंगे। मलिक आखिरी बार आईपीएल 2024 में खेलते दिखे थे। हैमस्ट्रिंग और कूल्हे की चोट से उबरने के बाद उन्हें लगता है कि उनका शरीर घरेलू क्रिकेट की कठिनाईयों को झेलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैंने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है। मैं सात-आठ महीने चोटिल भी था। वह एक मुश्किल दौर था। लेकिन अब वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने हाल ही में कश्मीर में काफी लाल गेंद की क्रिकेट और टी-20 मैच खेले हैं। वह हमारा रजिस्ट्रेशन कैंप था। हम बुची बाबू (टूर्नामेंट) के लिए चेन्नई आए। मैं अभी जितने मैच खेल सकूं, उतना अच्छा है। यह मेरे शरीर के वर्कलोड के लिए अच्छा है। मैं वापसी कर चुका हूं और इस सीजन अच्छा करूंगा। यही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निशांत (बोर्डोलोई, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) मेरी मदद कर रहे थे। तुलसी (राम युवराज, फिजियो ) सर और सुरेश (राठौड़, फिजियो सर और (वीवीएस, लक्ष्मण (सीओई प्रमुख) सर ने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी जरूरत थी। बीसीसीआई का शुक्रिया। चोट किसी भी स्पोर्ट्समैन की लजदगी का हिस्सा है। यह होना ही है। उस समय मैंने खुद को मजबूत रखा, अपना माइंडसेट सही रखा। अब सब ठीक है। मलिक ने पहली बार 2022 आईपीएल में सबका ध्यान खींचा था, जब उन्होंने 156-9 किमी/घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए। उसी साल उन्हें भारत की सीमित ओवर टीमों में जगह मिली, लेकिन इसके बाद से चोटों ने लगातार उनके करियर को प्रभावित किया है।

# खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को लेकर हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग 2025 में खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को नये स्तर पर ले जाने के लिए हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो के बीच साझेदारी हुई है। भारत के अग्रणी डी2सी एर्गोनॉमिक ब्रांड फ्रिडो ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की टीम हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। अब 29 अगस्त से शुरु हो रही प्रो कबड्डी लीग 2025 में फ्रिडो टीम का आधिकारिक साझेदार होगा। यह साझेदारी केवल स्पॉन्सरशिप नहीं है, बल्कि इसमें फ्रिडो के एडवांस ऑर्थोटिक सॉल्यूशन्स को खिलाड़ियों के प्रदर्शन और वापसी से सीधे जोड़ा गया है। कबड्डी जैसा तेज-तर्रार और हाई-कॉन्टैक्ट खेल हर रेड, टैकल और स्प्रिंट में खिलाड़ियों के घुटनों और जोड़ों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में चोट से बचाव और तेजी से वापसी ही तय करती है कि खिलाड़ी मैदान पर टिके रहेंगे या बाहर बैठेंगे। फ्रिडो के नीकैप सपोर्ट्स, पोस्टचर करेक्टर्स और रिस्ट ब्रेसेज खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ पूरे सीजन खेलने में मदद करेंगे। इस अवसर पर फ्रिडो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी गणेश सोनवणे ने कहा कि कबड्डी में विस्फोटक मूवमेंट और जबरदस्त लोअर-बॉडी स्ट्रेंथ की जरूरत होती है। घुटनों पर सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है और उनकी सुरक्षा खिलाड़ियों के करियर की लंबी उम्र और प्रदर्शन दोनों के लिए अहम है। फ्रिडो में हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर विश्वास रखते हैं।

# झगड़ों में बढ़ रहा एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग

## ● मारपीट में दोनों पक्षों को लगी चोट, परंतु रिपोर्ट एक पक्ष की दर्ज

**चन्दौसी।** झगड़ों व छोटे-मोटे विवादों में एससी-एसटी एक्ट का प्रयोग अब तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कानून मूल रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के संरक्षण के लिए बनाया गया था, ताकि उन्हें भेदभाव और उत्पीड़न से बचाया जा सके, परंतु अब इसके दुरुपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे न केवल समाज में जातिगत तनाव बढ़ रहा है, बल्कि निर्दोष लोग भी मुकदमों की मार झेल रहे हैं। एक वर्ष पूर्व नगर के घटिया गेट निवासी राशन डीलर प्रेमपाल ने मौर्य समाज के तीन लोगों पर गोली मारने के साथ-साथ एससी-एसटी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया। बाद में जांच में यह मुक. दमा झूठा पाया गया। तीनों आरोपित गरीब मजदूर थे जो दिहाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा और तेज हो गई कि कानून का दुरुपयोग करके गरीब व कमजोर वर्ग को फंसाया जा रहा है। इसी प्रकार भाजपा नेत्री पुष्पलता पाल पर भी एक पड़ोसी द्वारा एससी-एसटी एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कराया गया था। इसके अलावा सेवानिवृत्त लेखपाल राजेन्द्र सिंह के बेटे पर भी इसी एक्ट में झूठा अभियोग पंजीकृत हुआ।

ताजा घटना 19 अगस्त की है, जब हनुमानगढ़ी क्षेत्र में एक गरीब ब्राह्मण परिवार का अपने पड़ोसी से विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई और चोटें भी आईं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे। इस दौरान शिवम पुत्र होरीलाल ने आरोप लगाया कि पड़ोसी महेश शर्मा और उनकी पत्नी ममता शर्मा ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसकी बहन डॉली को मारा-पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। शिवम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने महेश शर्मा परिवार के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 0360 दर्ज कर लिया। इससे ब्राह्मण परिवार का कहना है कि झगड़ा आपसी था, परंतु जातिगत धारा लगाकर उन्हें फंसाया गया है।

क्षेत्र के समाजसेवियों और प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि एससी-एसटी एक्ट का मूल उद्देश्य सामाजिक समानता और कमजोर वर्गों की रक्षा था। परंतु यदि इसका इस्तेमाल झूठे मुकदमे दर्ज कराने में होने लगे तो यह न केवल निर्दोष व्यक्तियों के लिए कठिनाई का कारण बनेगा, बल्कि समाज में जातिगत द्वेष भी बढ़ेगा। लोगों का मानना है कि सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। कानून की उपयोगिता बनी रहे लेकिन साथ ही यह सुनिश्चित हो कि इसका दुरुपयोग कर किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए।

## जलालाबाद का नाम बदला, अब होगा परशुरामपुरी

**चन्दौसी।** श्रीपरशुराम धर्मशाला ट्रस्ट (रजि) के सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त किया जिनके प्रयास से केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर जलालाबाद का नाम बदल कर परशुरामपुरी करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए ट्रस्ट ने मिठाई वितरित कर जश्न मनाया और आराध्य भगवान परशुराम के नारे लगाए और ब्राह्मण हित मे होने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई जिससे समाज को आगे बढ़ाया जा सके और उनकी मदद की जा सके। सभा में अवध किशोर शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, राम कुमार शर्मा, राज. कुमार शर्मा, हरद्वारीलाल मिश्रा, जयशंकर दुबे, सुधीर मिश्रा, विपिन शर्मा, रामौतार शर्मा, अभिनव शर्मा, अश्विनी शर्मा, आदित्यकान्त शर्मा, शिवराम वत्स, अमित पाठक, सचिन शर्मा शमसोई, सुधांशु शर्मा, संजीव शर्मा, रमाकांत शर्मा, गोरवकान्त शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राजीव शर्मा, संजीव शर्मा, विकास कुमार सनातनी, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी का जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई गई इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अधूरे सपनों को पूर्ण करने का दृढ़ संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंच. ाने का काम कार्यकर्ता करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी जयप्रकाश सिंह ठाकुर मुनव्वर खान परम सिंह सैनी विजय भटनागर हाजी शरीफ आजाद कलुआ जलालुद्दीन जफर अली तारिक रियाज नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाकियू ने पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंप कर उठाई निस्तारण की मांग



**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन ने आज जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पांच सूत्रीय मांगे पूरी कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि बिलारी में भीलवाड़ा मिल पर किसानों के करोड़ों रुपए का भुगतान बकाया है यह तुरंत कराया जाए विद्युत चोरी प्रकरण में उपभोक्ताओं के तमाम मुकदमे लंबित पड़े हैं जिन्हें गत वर्ष की भांति ओटी एस से निस्तारित कराया जाए और जिन उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है उनका पोर्टल खुलवाकर विद्युत अधिशासी अभियंता द्वारा निस्तारण कर दिया जाए। गांव में जल शक्ति मिशन के अंदर बनाई जा रही टंकी के अधूरे कार्य को पूरा कराने की ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई। नगर बस सेवा मुरादाबाद से छजलैट और छजलैट से दलपतपुर तक चलाने की मांग की गई। कुचावली कन्या इंटर कॉलेज चालू करते हुए इसे सुचारू रूप से चलाए जाने की मांग उठाई गई किसानों ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन आयोग द्वारा कृषि आयोग का गठन किया जाए और एमएसपी पर भी कानून बनाया जाए। इस दौरान किसानों ने गन्ना मूल्य लागत का डेढ़ गुना यानी 450 रुपए प्रति कुंटल रेट घोषित कराए जाने की मांग उठाते हुए किसानों के कर्ज माफी का भी मुद्दा उठाया। यूरिया एनपीके गन्ना समिति गोदाम पर उपलब्ध कराए जाने की मांग भी भारतीय किसान यूनियन का प्रमुख मुद्दा रहा। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह डॉक्टर नो सिंह भयराज सिंह वीर सिंह यशपाल सिंह रामकला सिंह धनेंद्र शर्मा विजय कुमार हरदीप सिंह दर्शन सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब ने शोक सभा कर ब्रह्मलीन स्वामी जी की आत्मा शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना



**कांठ।** प्रेस क्लब की आकस्मिक बैठक का आयोजन रॉयल रेस्टोरेंट में किया गया जहां सर्व समाज के संत ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की आत्म शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। क्लब के अध्यक्ष केहर सिंह देवल ने कहा कि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चलने का काम किया उपाध्यक्ष हाफिज मुहम्मद साबिर ने स्वामी राजेंद्रानंद महाराज को एक अजीम शख्सियत बताया उन्होंने कहा कि धर्म और जाति से उठकर अगर किसी ने सर्व समाज को साथ लेकर चलने का और सबको सम्मान देने का काम किया है तो वह स्वामी राजेंद्रानंद महाराज थे उन्होंने कहा कि ऐसे महान सन्त को आसानी से भुलाया नहीं जा सकता। सचिव डॉक्टर शब्बीर मोमिन ने भी स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर चर्चा की और उन्हें एक महान संत बताया। शोक सभा में केहर सिंह देवल हाफिज मोहम्मद साबिर शब्बीर मोमिन शैलेंद्र चौहान आर के कश्यप तनवीर आलम ओमवीर बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए दयानंद के छह छात्रों का चयन



**कांठ।** 19 अगस्त को हैबिट मुस्लिम इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता में महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के छात्रों ने खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र दीक्षित ने 51 किलोग्राम भार वर्ग प्रियांशु चौहान ने 55 किलोग्राम भार वर्ग नकुल चौहान 60 किलोग्राम भार वर्ग अभिजीत बिश्नोई 65 किलोग्राम भार वर्ग दीपांशु पाल ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग की ग्रिको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता कक्षा 12 के छात्र लक्की कुमार ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही सीनियर वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती में कक्षा 12 के छात्र कृष ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने विजयी छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए आगे की प्रतियोगिताओं में सफल होने की शुभकामनाएं दी। खेल शिक्षक पदम सिंह ने बताया कि जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 6 खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ हुआ है मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी खिलाड़ी 22 अगस्त को संभल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### एसडीएम ने किया उमरी कला में हुए विकास कार्यों का निरीक्षण



**कांठ।** नगर पंचायत उमरी कला में चल रहे विकास कार्यों का एसडीएम ने निरीक्षण किया। एसडीएम संत दास पवार उमरी कला पहुंचे नगर अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने उन्हें विकास कार्यों से अवगत कराया उन्होंने गुणवत्ता चेक की और संतुष्टि व्यक्त की।इस अवसर पर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली , लेखा लीपिक सुरेंद्र सिंह यादव , मोहम्मद जीशान , लिपिक जयकुमार सिंह , कंप्यूटर ऑपरेटर अंकुर विश्नोई सहित कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में ब्रह्मलीन स्वामी जी को अर्पित की पुष्पांजलि



**कांठ।** बुधवार को सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल फाउंडर जितेंद्र विश्नोई, मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई एवं समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने विश्नोई संत स्वामी राजेंद्रानंद जी के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ शिक्षिका ममता विश्नोई ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री महामण्डलेश्वर परमपिता परमेश्वर गुरु राजेन्द्रनंद जी महाराज जी को भोले बाबा ने अपने चरणों मे स्थान दिया हैद्य गुरु राजेन्द्रनंद जी का जन्म भगवानपुर रैनी गाँव मे जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश मे हुआ था गुरु जी बचपन से ही गाय माता से प्यार करते थे और भगवान के प्रति उनका लगाव बहुत था। छोटी सी आयु में ही गुरु जी संतों के संरक्षण मे चले गये थे उनका जीवन संसार में धर्म की रक्षा और धर्म को सुरक्षित रखने और मानस जीवन को सफल बनाने में रहा अनगिनत गाय माता की रक्षा और उनकी सेवा उनका और गाय माता को अपने से भी ज्यादा प्यार देने में ही रहता था। लोगो को आपस में जोड़ना और उनसे जुड़ा रहना सभी मे एक समान प्यार बनाए रखने की उनकी अच्छाई, आज सभी के दिल दिमाग चरित्र मे अपना घर बना गयी। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अनजान व्यक्तियों को पकड़कर उनके साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर अब होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए आज पुलिस द्वारा एसडीएम के निर्देशन में कासमपुर गांव के सचिवालय में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें थाना प्रभारी ने साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताएं और अनजाने में साइबर अपराधियों की चपेट में आने पर किस तरह से बचाव करना है उसकी जानकारी दी। अपने गुप्त पासवर्ड किसी को ना बताने और गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया आदि से दूर रखने की भी सीख थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह द्वारा दी गई इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी गांव या नगर में अनजान व्यक्ति मिलने पर उसकी




सूचना पुलिस को दें अगर उनके साथ किसी प्रकार की अभद्रता या अमानवीय व्यवहार किया गया तो ऐसा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों चोरों की अफवाहों के चलते कुछ अनजान व्यक्तियों के साथ लोगों ने मारपीट और अभद्रता की बाद में पता चला कि वह लोग बेकसूर थे गोष्टी के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी देते हुए लोगों से कानून के अंतर्गत काम किए जाने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित काफी महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# प्रधान की कार्यशैली से लोग कीचड़ भरे रास्ते पर चलने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** ग्राम प्रधान की कार्य शैली के चलते लोग कीचड़ भरे रास्तों पर चलने को मजबूर हैं आज ग्रामीणों ने जिला अधिकारी के सामने प्रस्तुत होकर ग्राम प्रधान की शिकायत दर्ज कराई है मामला तहसील क्षेत्र के गांव पचोकरा खानपुर से जुड़ा है ग्रामीण मनीष नसीम जहां संजीव आसिफ सलीम असीम अरमान विनीत आदि का कहना है कि पचोकरा से चक ग्राम को जाने वाले रास्ते की हालत बहुत खराब है यह रास्ता पिछले डेढ़ साल से बंद है ब्लॉक और तहसील में शिकायत के बाद भी इसका समाधान नहीं हुआ ग्रामीणों का आरोप था कि प्रधान ने मोहल्ले के लोगों से ₹2500 प्रति घर लेकर रास्ता बनवाने का वादा किया लेकिन इसके बावजूद भी रास्ते को अभी तक नहीं बनवाया गया जिसकी वजह से ग्रामीणों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। आज उक्त लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपने शपथ पत्र दाखिल करते हुए इस मामले की जांच करा कर रास्ता बनवाए जाने की मांग उठाई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गूगल मीट बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (13 सितंबर 2025) के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के विश्राम कक्ष में बुधवार को ऑनलाइन माध्यम से एक गूगल मीट का आयोजन जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं शासन के समस्त अधिकारीगण के साथ किया गया। उक्त बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में लघु प्रकृति के विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु एवं संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबं-धिक मुद्दे तथा सार्वजनिक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में



दिशा-निर्देश दिये गये एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल द्वारा जनपद के समस्त अधिकारियों एवं पदाधिकारियों से आगामी लोक अदालत में मध्यस्था एवं सुलह-समझौते तथा लघु प्रकृति के वादों के अधिक-से-अधिक निस्तारण कराने हेतु बल दिया गया। उक्त बैठक के अवसर पर पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय वीरकनेडी लाल, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी आरती फौजदार, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस.सी.-एस.टी. एक्ट रागिनी, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदित्य सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी दिव्या चिंडालिया, व्यक्तिगत रूप से एवं पीठासीन अधिकारी एम.ए.सी.टी. जनपद सम्भल प्रदीप कुमार, सिविल जज (जू.डि.) बाह्य न्यायालय संभल नावेद अख्तर, सिविल जज (जू. डि.) कोर्ट नं.-01 बाह्य न्यायालय संभल ललित कुमार, सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट नं.-02 बाह्य न्यायालय संभल वंदना सिंह सिविल जज (जू.डि.) बाह्य न्यायालय गुन्नौर नाजिम अकबर, जिला अधिकारी सम्भल, पुलिस अधीक्षक सम्भल, उप जिलाधिकारी सम्भल, समस्त तहसीलदार (सम्भल, चन्दौसी, गुन्नौर) जनपद सम्भल, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद सम्भल, एल. डी.एम. एवं समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण जनपद सम्भल, जिला सूचना अधिकारी जनपद सम्भल, अधीक्षण अभियन्ता एवं समस्त एस.डी.ओ. उ.प्र. पावर कारपोरेशन जनपद सम्भल, जिला वन अधिकारी जनपद सम्भल, जिला पंचायत राज अधिकारी, राज अधिकारी जनपद सम्भल, आहरण एव संवितरण अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सम्भल, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जनपद सम्भल आदि ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदित्य सिंह द्वारा दी गयी।

## कैथल गांव में पुलिस चौकी तैयार जल्द होगा उद्घाटन

**चन्दौसी।** निकटवर्ती ग्राम कैथल में पुलिस चौकी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह चौकी अब उद्घाटन के लिए तैयार है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी गणेश चतुर्थी से पूर्व इसका औपचारिक उद्घाटन किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी सम्भल ने कैथल गांव में पुलिस चौकी निर्माण के निर्देश दिए थे। जिस भूमि पर यह चौकी बनाई गई, उसे पहले विवादित बताया जा रहा था। बावजूद इसके प्रशासन ने पहल करते हुए चौकी का निर्माण कार्य पूरा कराया। ग्राम पंचायत कैथल क्षेत्र के अंतर्गत पांच मजरे आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पुलिस चौकी की स्थापना लंबे समय से आवश्यक थी ग्रामीणों को उम्मीद है कि चौकी शुरू होने के बाद पुलिस की गश्त और निगरानी बढ़ेगी, जिससे अपराध और झगड़ों पर अंकुश लगेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द उद्घाटन कराने की मांग की है।

# टीएमयू की सेंट्रल लाइब्रेरी नॉलेज, इन्नोवेशन और कल्चर की त्रिवेणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की सेंट्रल लाइब्रेरी की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और नवाचार आधारित शिक्षण के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान है। यह केवल पुस्तक संग्रह का स्थान नहीं, बल्कि शोध, अध्ययन, सांस्कृतिक संरक्षण और डिजिटल प्रगति का केंद्र है। पुस्तकालय का वातावरण स्टुडेंट्स, शोधार्थियों और शिक्षकों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वे न केवल अध्ययन कर सकें, बल्कि अनुसंधान, विचारों के आदान-प्रदान और नवाचार को भी आत्मसात कर सकें। टीएमयू का पुस्तकालय 3.10 लाख से अधिक पुस्तकों के विशाल संग्रह से सुसज्जित है, जिसमें मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून, प्रबंधन, शिक्षा, कृषि, जैन अध्ययन, फाइन आर्ट्स, सूचना प्रौद्योगिकी एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे विषयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नल्स का समृद्ध संग्रह है। दर्शन, इतिहास,




साहित्य, विज्ञान, समाजशास्त्र सरीखे विषयों से संबंधित 325 से अधिक 100 साल से भी पुरानी दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों का विशेष संकलन इस पुस्तकालय की विशेष पहचान बनाता है। पुस्तकालय में 7,000 से अधिक धार्मिक और आध्यात्मिक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिनमें जैन साहित्य, वेद, उपनिषद, रामायण, भगवद्गीता और भारतीय दर्शन ग्रंथ सम्मिलित हैं। यह संग्रह न केवल छात्रों के वैचारिक और नैतिक विकास में सहायक है, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराइयों से जुड़ने का माध्यम भी प्रदान करता है। शोध और प्रशिक्षण की दिशा में पुस्तकालय की ओर से समय-समय पर अनेक कार्यशालाएं और वेबिनार आयोजित किए जाते हैं। इनमें एडवांस आईईईई शोध कार्यशाला, रिसर्च आउटपुट की विजिबिलिटी बढ़ाने पर आधारित सत्र, साइबर लॉ एवं फैमिली कोर्ट एक्ट पर ऑथर टॉक सीरीज, लीगल, डेंटल और एग्रीकल्चर रिसर्च ट्रेनिंग तथा सांख्यिकीय टूल्स एवं डेटा एनालिसिस पर आधारित कार्यशालाएं शामिल हैं। यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन बताती हैं, पीएचडी शोध प्रबंध और पीजी डिजर्टेशन का व्यापक संग्रह शोधगंगा पोर्टल पर ऑनलाइन भी उपलब्ध है। डिजिटल युग अनुरूप पुस्तकालय को अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित किया गया है। टीएमयू की लाइब्रेरी के पास एब्स्कोहोस्ट, आई ट्रिपल ई, मनुपात्रा, अपटुडेड, डेलनेट जैसे प्रमुख डेटाबेस की सदस्यता भी है। पुस्तकालय में एक साथ उपयोग हेतु 150 से अधिक कंप्यूटर और हाई-स्पीड इंटरनेट युक्त ई-लाइब्रेरी की सुविधा है। पुस्तकालय की डिजिटल क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए डीस्पेस संस्थागत रिपॉजिटरी के जरिए संकाय शोध, थीसिस, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और सम्मेलन दस्तावेज डिजिटली संरक्षित किए जा रहे हैं। कोहा- ओपन-सोर्स लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से संपूर्ण पुस्तकालय को स्वचालित किया गया है। इसके साथ ही टर्निटिन, फीडबैक स्टूडियोज जैसे सॉफ्टवेयर के माध्यम से शोध और असाइनमेंट में मौलिकता सुनिश्चित की जाती है। यहां इंटर-लाइब्रेरी लोन, रेप्रोग्राफिक सेवाएं, करंट अवेयरनेस सर्विस, चयनात्मक सूचना प्रसार, समाचार क्लिपिंग सेवाएं जैसी सेवाएं नियमित रूप से प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकदान को प्रोत्साहित करने के लिए बुक डोनेशन प्रोग्राम के अंतर्गत प्रति वर्ष बेस्ट फिलैंथ्रॉपिस्ट अवार्ड प्रदान किया जाता है। टीएमयू पुस्तकालय के वार्षिक पुस्तक प्रदर्शनी, राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह संवाद सत्र, वाचन प्रतियोगिता और शेल्फ डे सरीखे आयोजन पुस्तक संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य कर रहे हैं।

# निशाने पर पीएम-सीएम

केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में एक बिल पेश किया है, जिसमें गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद समाप्त हो जाएगा। यह 5 साल से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा। सरकार ने इस बिल को जेपीसी को भेज दिया है, वहीं विपक्ष ने विरोध किया है। जैसे ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस बिल को पेश किया, तो विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्ष का तर्क है कि इस बिल के बहाने मोदी सरकार देश की न्याय व्यवस्था को कमजोर करना चाह रही है, जिसे वे नहीं होने देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। विपक्ष ने इस बिल को महा-आपातकाल से भी बढ़कर बताया और कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। आखिर इस बिल में ऐसा क्या है, जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश सरकार विधेयक 2025 के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन करने की जरूरत है। वहीं संविधान विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, संविधान के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की जरूरत है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में सीएम या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन की जरूरत है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे बिलों की आड़ में सरकार संविधान बदलना चाहती है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

## पुलिस स्टेट बन जाएगा देश



संविधान संशोधन विधेयक संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरियें चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है, इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं, यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को पुलिस स्टेट में बदलने पर तुली हुई है, यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है, अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्रपर डेथ नेल (अंतिम वॉर) साबित होगा।

**-असदुद्दीन ओवैसी**
**सांसद, एआईएमआईएम**

# जननायक राहुल गांधी का एक दांव और एनडीए की धड़कनें तेज





**तसलीम कुरैशी**

देश की सियासत बहुत तेजी से करवटें बदल रही है साथ ही जननायक की भूमिका में आए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता देश में बहुत तेजगति से बढ़ती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी की सियासी गुगली में मोदी की भाजपा सहित एनडीए भी फंसता दिखाई दे रहा है। उपराष्ट्रपति के चुनाव का मुकाबला रोचक हो गया है, क्योंकि यह मुकाबला दक्षिण के दो नेताओं के बीच होने की संभावना बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीति में बड़ा धमाका हो चुका है।

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को हराने के लिए नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने मोदी स्टाइल में ही मास्टर स्ट्रोक चल दिया है उसका सियासी तोड़ मुश्किल नजर आ रहा है एनडीए खेमे में काफी बेचैनी महसूस की जा रही है। जननायक जब यह कहते हैं कि भाजपा ने बिहार में चुनी हुई सरकार चोरी की। 20 सालों से युवाओं का भविष्य चोरी किया। अब यहां के गरीबों से उनका वोट चोरी कर रहे हैं। बिहार के लोग ये चोरी रोकेंगे, 2 दशक का हिसाब भी लेंगे और वोट से जवाब भी देंगे तो जनता एक सुर में आवाज मिलाती नजर आती है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी मोदी सरकार को शुरू से ही घेरने का काम कर रहे हैं। वोट चोरी को लेकर वह एक बड़े आंदोलन को देश में खड़ा करने की ओर बढ़ रहे हैं।

इसकी शुरुआत वह बिहार से कर चुके हैं और उन्हें वहां अच्छे पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। इस आंदोलन को जनता के मिल रहे सहयोग की बिहार की सड़कें गवाही दे रही है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रहे अब वह जननायक बन गए हैं और यह बात नरेन्द्र मोदी सहित आरएसएस को परेशान कर रही है। राहुल गांधी को लेकर देशभर में प्रोपेगैंडा किया गया था कि शहजादे है पप्पू है पता नहीं क्या-क्या संघियों ने प्रचारित किया था, लेकिन हकीकत उसके उलट थी और है वह बहुत ही सिद्धांतवादी इंसान हैं इंसान मतलब इंसान।

इंसान के रूप में हैवान नहीं जैसा कि आज लोग हैं इंसान नहीं हैवानियत रूप धारण किए हुए हैं जबकि राहुल गांधी सभ्यताओं से भरपूर हैं जिसको देख मन सुखी हो उठता है। उनके द्वारा किए जा रहे आंदोलन में आ रही अपार भीड़ इसका प्रमाण है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रह गए हैं वह जननायक बन गए हैं। बच्चे हों बड़े बुजुर्ग हों या जवान महिला हों या पुरुष सब एक झलक पाने को आतुर रहते हैं यही नहीं उनके द्वारा वोट चोरी को लेकर जो बातें की गई हैं या की जा रही हैं उसे वह सही मान रहे हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं जो नरेन्द्र मोदी के लिए खतरे की घंटी है जिसको नरेन्द्र मोदी सहित पुरा संघ परिवार समझ चुका है कि अब सत्ता की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अब सबसे ज्यादा मुश्किल में पहले चंद्रबाबू नायडू हैं जो एनडीए का हिस्सा होकर भी अपने ही आंध्र प्रदेश से उतरे विपक्षी उम्मीदवार को कैसे नकारें?

दूसरा नाम उसी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी हैं जो कि राजनीति में अपने अस्तित्व को बचाने की जुगत में हैं लेकिन वोट देने में फंसा दुविधा जाल और तीसरे तेलंगाना राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) हैं जो कि तेलंगाना की सियासत के बेताज बादशाह कहे जाते थे या है, अब खुद को किस ओर जाएं की दुविधा में पाते हैं। विपक्ष ने चतुराई दिखाते हुए बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जिनका ताल्लुक आंध्र प्रदेश से यानी दक्षिण से ही है। यानी उपराष्ट्रपति के चुनावी खेल में दक्षिण का मुकाबला दक्षिण से ही होगा सियासत भी कितनी अजीबोगरीब होती है कभी कैसे तो कभी कैसे रंग बदल लेती है, जिससे एनडीए के सहयोगियों को सबसे ज्यादा असहज होना पड़ेगा। यहां एक सवाल सबसे बड़ा यह भी है जबसे नरेन्द्र मोदी ने तीसरा कार्यकाल शुरू किया था तबसे ही मुंह बाएं खड़ा है जब 2024 के चुनावी परिणाम घोषित हो गए और यह तय हो गया था कि भाजपा की ही सरकार बनेगी, तो भाजपा ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक क्यों नहीं बुलाई थी।

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे और अगर ऐसा हुआ, तो क्या एनडीए की मजबूती सिर्फ नाम की रह जाएगी?

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

**वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?**

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए।

पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे? और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है?

प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था। अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती।

इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था। हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था - दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं।

दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रो. कने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं। लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है।

यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया। इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# वोट चोरी का मुद्दा: तू इधर-उधर की बात न कर...



**निर्मल रानी**



भारत में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालांकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ईवीएम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज्यादा ही तूल पकड़ गया है।

इस विवाद में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर फ्रॉड के गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गई हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं।

इस संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराए गए वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फर्जी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट चुराए गए। विपक्ष के मुताबिक इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहां तक दावा किया कि इसी वोटर फ्रॉड की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुकसान हुआ। इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण Special Intensive Revision - SIR का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने वोट चोरी का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया।

उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप करार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार खारिज करता रहा है, परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए वोट चोरी से आजादी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा शुरू की।

1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं। आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफनामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस कद्र तल्खी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनकाब करने के लिए कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग वोट चोरी के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं।

साथ ही कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिए जारी किया है। इस पर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को वोट चोरी से आजादी अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब वोट चोरी के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है, क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लो. कतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गरज नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन में सैनिक तैनात नहीं करेंगे

**मास्को।** ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन में अपने हजारों सैनिक तैनात करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन तथाकथित 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के लिए वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहा है। द टाइम्स अखबार की जारी रिपोर्ट में यह खबर दी गई। जिसके अनुसार 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन को हवाई और समुद्री हमलों से बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही वह यूक्रेनी सशस्त्र बलों को फिर से मजबूत करने में मदद के लिए जमीनीस्तर पर सैन्य प्रशिक्षकों को तैनात कर रहा है।

### कराची में बारिश का कहर, 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में बारिश जनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाके झीलों में तब्दील हो गए और अनेक उड़ानें बाधित हुईं तथा बिजली गुल हो गई।बारिश के पानी में डूबने और करंट लगने से भी लोगों की मौत हुई है। राहत एंव बचाव विभाग के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी कराची में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के बाद बिजली का करंट लगने, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई।

### नाइजीरिया में मस्जिद पर हमले में तेरह लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में नमाज के दौरान एक मस्जिद पर बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है। कात्सिना के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त नासिर मुआजू ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मालुमफशी में मुस्लिम बहुल उन्गुवान मंतौ समुदाय पर हमला किया और सुबह की नमाज के दौरान मस्जिद में नमाजयिों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि हमलावरों के 'प्रतिशोध अभियान' पर होने का संदेह है।

### अफगानिस्तान में बस-ट्रक हादसे में 79 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में मंगलवार रात हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 79 हो गई है। गृह मंत्रालय के अधिका. रियों ने बुधवार को बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से हेरात लौट रही बस एक मोटर साईकिल से टकराने के बाद वहां अन्य मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और यात्रियों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल सका। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि आग में जले शवों की पहचान भी मुश्किल हो गई है।



नई दिल्ली। संसद में कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, LOP राज्यसभा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का अभिनंदन किया गया।

# सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनावः राहुल गांधी

## उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामा. जिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बात. चीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीते 11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। खड़गे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खड़गे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दर्शाता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना। विपक्ष का मानना है कि रेड्डी उपराष्ट्रपति पद पर बैठकर न केवल लोकतंत्र की रक्षा करेंगे बल्कि देश को न्याय और एकता की नई दिशा देंगे।

- लोक सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने समर्थन में एकजुट होकर संदेश दिया
- यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है
- राहुल गांधी ने कहाः जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी



## चीनी विदेश मंत्री वांग ई पाकिस्तान के बजाए अफगानिस्तान पहुंचे

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई अपनी प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। वह काबुल में छठी चीन-अफगानिस्तान-पाकिस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की वार्ता में भाग लेने वहां गए हैं। इस वार्ता में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। वांग ई की बीते तीन सालों में यह पहली अफगानिस्तान यात्रा है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार इस बैठक में भाग लेने के लिए काबुल पहुंच चुके हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने काबुल में त्रिपक्षीय वार्ता के लिए वांग ई और डार के आगमन की घोषणा करते हुए कहा कि इस बैठक में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

# भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव

## अमेरिका ने कहाः प्रतिबंध से यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी, भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरी. दने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कान्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। दूसरी ओर अमे. रिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे। अमेरिका में रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे।

### यूएस ने 6000 स्टूडेंट वीजा रद्द किए स्टूडेंट में से 4000 अपराध और आतंकवाद में शामिल बताए गए

2023-24 में अमेरिकी कालेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुक. `शन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। अमेरिका ने 200 से 300 स्टूडेंट वीजा आतंकवाद से जुड़े मामलों की वजह से रद्द किए हैं। इन वीजा को इमिग्रेशन और नेशनैलिटी एक्ट की उस धारा के तहत रद्द किया गया, जो आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ी है। इन मामलों की डिटेल जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में न सिर्फ अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया गया, बल्कि कालेज कैंपस और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया गया। अमेरिकी सरकार इंटरनेशनल छात्रों को वीजा देने की प्रोसेस को लगातार सख्त करती जा रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ दिन पहले ही 2 सितम्बर से वीजा की ड्राप बाक्स सुविधा यानी इंटरव्यू वेवर प्रोग्राम (आईडब्ल्यूपी) को बंद करने की घोषणा की है।

### हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं, अमेरिकी दबाव गलतः रूस




**मास्को/ नई दिल्ली।** रशियन आयल खरीदने के चलते भारत पर बनाए जा रहे अमेरिकी दबाव को रूस ने गलत बताया है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहाः भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि रूसी तेल भारत के लिए बहुत फायदेमंद है। भारत के लिए रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट लगभग 5 प्रतिशत है। रोमन बाबुश्किन ने कहा-भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने संबंधों पर विश्वास है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस के दूतावास ने ये भी कहा कि ष्अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे अमेरिका में भारत के सामान महंगे हो जाएंगे।

# फलस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इजरायल में तनाव

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

**मेलबर्न।** फलस्तीन को मान्यता देने के बाद आस्ट्रेलिया और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल लगातार आस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं।

उन्होंने इजरायल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं। आस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि आस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा।

इसके बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इजरायल को धोखा दिया और आस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में आस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। आस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने आस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इजरायली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नार्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इंकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं।

### मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूंः ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज

# व्हाइट हाउस ने टिकॉट अकाउंट शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'व्हाइट हाउस' ने आधिकारिक तौर पर अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च किया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस सोशल मीडिया ऐप को लगभग सितम्बर तक नए मालिक की तलाश करने या फिर देश में प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा संबंधी धमकी के बीच हुआ है।

इस अकाउंट पर मंगलवार दोपहर को पहला वीडियो पोस्ट किया गया। यह 27 सेकंड की एक क्लिप है जिसमें ट्रम्प को अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। इसमें 2016 के रिपब्लिकन नेशनल सम्मेलन में उनके स्वीकृति भाषण का 'ऑडियो' भी है। इस वीडियो के कुछ ही घंटों बाद अकाउंट के 57,000 से जयादा 'फ़ॉलोअर्स' हो गए जबकि पिछले साल अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फ़ॉलोअर्स हैं।

- ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फ़ॉलोअर्स

## स्लोवेनिया ने गाजा में सहायता की पहली खेप भेजी

**लजुब्लजाना।** स्लोवेनिया ने जॉर्डन के रास्ते गाजा के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंची है। स्लोवेनिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्रालय के भंडार से खाद्य सामग्री और कंबल सहित यह सहायता एक स्पार्टन सैन्य मालवाहक विमान द्वारा पहुंचाई गई है। दो और उड़ानें निर्धारित हैं और सभी आपूर्ति अगस्त के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। मंत्रालय के अनुसार, यह खेप जॉर्डन में अम्मान के पास एक सैन्य हवाई अड्डे पर प्राप्त हुई। रक्षा मंत्री बोरुत साजोविक ने इस अभियान के बारे में बताया कि गाजा में नागरिक लगभग दो वर्षों से संघर्ष झेल रहे हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप भेजे

## ड्रग्स माफिया से निपटना मकसद, वेनेजुएला ने 45 लाख लड़ाके तैनात किए, कहाः अमेरिका पागल हुआ

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात भेजे है। वॉरशिप अगले कुछ घंटों में वेनेजुएला के तट के पास पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है।

वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन नाम के तीन एजिस गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप जल्द ही वेनेजुएला के तट पर पहुंचेंगे। तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 सैनिक, पी-8ए पोसाइडन विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। यह अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमे. रिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरा. `प उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है। गिल बोले, श्हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता। ट्रम्प प्रशासन मादुरो को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक मानता है। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रुपये कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपये का इनाम था।



- ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है

# इजरायल ने गाजा पर कब्जे को प्लानिंग को दी मंजूरी

## करीब 60 हजार रिजर्व फोर्स को सरकार ने ड्यूटी पर बुलाया, कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कात्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को डयूटी पर बुलाने का आदेश दिया है।

इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजरायल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवम्बर-दिसम्बर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन'स चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। इजरायल यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजरायल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजरायल को फैसला करना है। इजरायली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में आपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड आपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ आपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा।



- सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा

## नेतन्याहू ने मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का लगाया आरोप

**तेल अवीव।** इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का आरोप लगाया है। पॉलिटिको ने एक पत्र का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल ने फलस्तीन राज्य को मान्यता देने की पेरिस की पहल के बाद यह आरोप लगाया है।

मंगलवार को पॉलिटिको में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मैक्रों को लिखे पत्र में कहा कि फलस्तीन के लिए आपका आह्वान इस यहूदी-विरा. `धी आग में घी डालने जैसा है-यह कूटनीति नहीं, बल्कि तुष्टिकरण है। यह हमास के आतंक को बढ़ावा देता है, बंधकों को रिहा करने से हमास के इनकार को और मज़बूत बनाता है, फ्रांसिसी यहूदियों को धमक. ाने वालों को बढ़ावा देता है और यहूदी-घृणा को बढ़ावा देता है, जो अब आपके यहां भी दिखने लगी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एलिसी पैलेस (फ्रांस के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने नेतन्याहू को जवाब दिया कि फ्रांस 'यहूदी धर्म के अपने देशवासियों की रक्षा करता है और हमेशा करता रहेगा' और इज़राइली प्रधानमंत्री से 'भ्रम और छल-कपट की नहीं, बल्कि गंभीरता और ज़िम्मेदारी की माँग करता है।' मैक्रों के कार्यालय ने कथित तौर पर कहा कि नेतन्याहू के आरोप गलत, घृणित हैं और इनका जवाब दिया जाएगा।

